संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 219 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मणिपुर में थम नहीं रही हिंसा। फिर से मणिपुर में गोलीबारी हुई है।

**फास्ट न्यूज**

## धारा 370 : हमने सुप्रीम कोर्ट में श्रेष्ठ वकील चुने : उमर

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कहा कि अभी लड़ाई जारी है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि इंसाफ जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के मामले में पूरी कोशिश की गई। बढ़िया वकील किए गए और उन्होंने अदालत में अपने तर्कों को बड़ी मजबूती के साथ रखा है। इस बात की उम्मीद है कि न्यायाधीश उनके तर्कों से आश्वस्त होंगे। उमर ने कहा कि पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ने के लिए कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम को नियुक्त करने से बेहतर कुछ नहीं कर सकती थी। हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया। कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम देश के शीर्ष पांच वकीलों में से दो हैं। जीत या हार भगवान के हाथ में है। एक इंसान केवल कोशिश कर सकता है और हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब हमें सफलता देने के लिए भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए।

**नहीं जानता ऐसा कह पर वह किसे खुश करना चाहते हैं :** वहीं, डीपीएपी प्रमुख गुलाम नबी आजाद के मुसलमान ज्यादातर हिंदू धर्म से धर्मांतरित वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने यह किस संदर्भ में कहा है। ऐसा कहकर वह किसे खुश करना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा एनसी संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम श्रीनगर स्थित कन्वेंशन सेंटर समेत सरकारी इमारतों से हटाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि उनका नाम कोई नहीं मिटा सकता। लोगों के दिलों में उनका नाम है।

## राजस्थान में भाजपा के चुनाव प्रबंधन की कमान पंचारिया को

**नई दिल्ली/जयपुर :** भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को संकल्प पत्र समिति का संयोजक बनाया है। इसके अलावा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया गया है। इन नियुक्तियों की घोषणा जयपुर में पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह भी मौजूद रहे। जोशी ने बताया कि संकल्प पत्र समिति का आकार संयोजक, सात सह संयोजक और 17 सदस्यों सहित कुल 25 का है। राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, राज्यसभा सदस्य किरोड़ीलाल मीणा, राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष मेहरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी और पार्षद राखी राठौड़ को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति में संयोजक और छह सह संयोजक समेत 21 सदस्य होंगे।

# एमपी-छग चुनाव को लेकर भाजपा ने फूंका बिगुल

● भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषित की 39 प्रत्याशियों की पहली सूची, छत्तीसगढ़ के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई

**चौंकाया**

▶▶ भाजपा ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाते हुए विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी





**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**भारतीय** जनता पार्टी ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाते हुए विधानसभा चुनाव-2023 के लि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची गुरुवार को जारी कर दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। पार्टी प्रत्याशियों की सूची पार्टी के दिल्ली मुख्यालय से राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई है। मध्यप्रदेश के विधानसभा प्रत्याशियों की पहली सूची में 39 नाम हैं। इस सूची में भोपाल उत्तर एवं मध्य के लिए भी पार्टी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। सूची के अनुसार पार्टी ने सबलगढ़ से सरला विजेंद्र रावत, सुमावली से अदल सिंह कंसाना, गोहद से लालसिंह आर्य, पिछोर से प्रीतम लोधी, चाचौड़ा से प्रियंका मीणा, चंदेरी से जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बंडा से वीरेंद्रसिंह लम्बरदार, महाराजपुर से कामाख्या प्रताप सिंह, छतरपुर से ललिता यादव, पथरिया से लखन पटेल, गुन्नौर से राजेश कुमार वर्मा, चित्रकूट से सुरेंद्रसिंह गहरवार, पुष्पराजगढ़ से हीरासिंह श्याम, बड़वारा से धीरेंद्र सिंह, बरगी से नीरज ठाकुर, जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर, शाहपुरा से ओमप्रकाश धुर्वे, बिछिया से विजय आनंद मरावी, बैहर से भगतसिंह नेताम, लांजी से राजकुमार करार्ये, बरघाट से कमल मस्कोले, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, सौसर ने नानाभाऊ मोहोड़, पांढुर्णा से प्रकाश उइके, मुल्ताई से चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही से महेंद्रसिंह चौहान, भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा, भोपाल मध्य से ध्रुव नारायण सिंह, सोनकच्छ से राजेश सोनकर, महेश्वर से राजकुमार मेव, कसरावद से आत्माराम पटेल, अलीराजपुर से नागरसिंह चौहान, झाबुआ से भानु भूरिया, पेटलावद से निर्मला भूरिया, कुक्षी से जयदीप पटेल, धरमपुरी से कालूसिंह ठाकुर, राऊ से मधु वर्मा तराना से ताराचंद गोयल एवं घटिया से सतीश मालवीय को पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

## छगः भाजपा ने की 21 उम्मीदवारों की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**छत्तीसगढ़** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कुल 90 सीटों में से 21 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दिया है।

भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। केन्द्रीय चुनाव समिति ने छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए छत्तीसगढ़ से 21 नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक दुर्ग सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन क्षेत्र पाटन से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया है। इन दोनों दिग्गज नेताओं के बीच पहले भी चुनावी टक्कर हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में दुर्ग संसदीय सीट पर उम्मीदवार रहे विजय बघेल पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक अंतर से विजयी हुए हैं। वहीं भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए जिन नाम पर मुहर लगाई गई है, उनमें प्रेम नगर से भूलन सिंह मरावी, भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर से शकुंतला सिंह पोर्थे, रामानुजगंज से रामविचार नेताम, लुंड्रा से प्रबोज मिंज, खरसिया से महेश साहू, धर्मजयगढ़ से हरीश चंद्र राठिया, सरायपाली से सरला कोसरिया को उतारा है। खल्लारी से अलका चंद्राकर, से सांसद मानपुर से संजीव साहा, कांकेर से आशाराम नेताम और बस्तर से मनीराम कश्यप शामिल हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समुद्र में उतारा 'विंध्यगिरी'



▶▶ रिमोट से बटन दबाते ही डेक से खिसककर समुद्र के पानी में उतर गया जहाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी को रिमोट से बटन दबाकर समुद्र में उतार दिया। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। जहाज का नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया गया विंध्यगिरी प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। रिमोट से बटन दबाते ही जहाज डेक से खिसकना शुरू हुआ और देखते ही देखते युद्धपोत समुद्र के पानी में उतर गया। इस ऐतिहासिक पल के दौरान भारत माता की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत को जहाज निर्माण की क्षमता दिलाने में भारतीय उद्योगों का प्रमुख योगदान है। उन्होंने नौसेना और जीआरएसई के कर्मचारियों को समय पर जहाज का निर्माण करने के लिए धन्यवाद दिया। नौसेना प्रमुख आर. हरि कुमार ने बताया कि इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। एक तरह से देखा जाए तो तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट पुरानी एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को श्रद्धांजलि है।

# ऋण मुहैया कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी

आरबीआईएच) की ओर से विकसित किया जा रहा है, जो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है

**आप को झटका**

▶▶ आरबीआई ने ऋण मुहैया कराने के लिए एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिना किसी परेशानी के ऋण मुहैया कराने के लिए एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) की ओर से विकसित किया जा रहा है, जो आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। 10 अगस्त, 2023 को जारी विकासात्मक और नियामक नीतियों से संबंधित बयान के तहत केंद्रीय बैंक ने यह घोषणा की है। डिजिटलीकरण में तेजी से प्रगति के साथ, भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की अवधारणा को अपनाया है। यहां बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों और स्टार्ट-अप को भुगतान, क्रेडिट व अन्य वित्तीय गतिविधियों में अभिनव समाधान तैयार करने और आम लोगों को मुहैया कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डिजिटल क्रेडिट डिलीवरी के लिए, क्रेडिट मूल्यांकन के लिए जरूरी डेटा केंद्र और राज्य सरकारों, खाता एग्रीगेटर्स, बैंकों, क्रेडिट सूचना कंपनियों, डिजिटल पहचान प्राधिकरणों आदि विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध हैं। हालांकि, वे अलग-अलग प्रणालियों में हैं, जो नियम-आधारित आसान ऋण मुहैया करने और समय पर उसका वितरण सुनिश्चित करने में अड़चन पैदा करते हैं। पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म उधारदाताओं को आवश्यक डिजिटल जानकारी के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान कर-के आसान क्रेडिट की डिलीवरी सक्षम करेगा। एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ओपन आर्किटेक्चर, ओपन एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और मानकों पर आधारित होगा जिससे सभी वित्तीय क्षेत्र के घटक प्लग एंड प्ले मॉडल में निर्बाध रूप से जुड़ सकेंगे। प्लेटफॉर्म को सूचना प्रदाताओं तक पहुंच और उपयोग के मामलों एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाना है। यह लागत में कमी, त्वरित संवितरण और स्केलेबिलिटी के संदर्भ में ऋण देने की प्रक्रिया में दक्षता लाएगा।

# नेहरू की पहचान उनके कर्म हैं, नाम नहीं: राहुल



**केंद्र पर तंज**

▶▶ प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने 14 अगस्त को दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था। 1929-30 में बना तीन मूर्ति भवन भारत में कमांडर-इन-चीफ का आधिकारिक निवास था। अगस्त 1948 में यह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का आधिकारिक निवास बन गया। राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर लद्दाख गए हैं। वे सुबह दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुए और दोपहर करीब 1 बजे यहां पहुंचे। लद्दाख में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहुल का स्वागत किया।

## ' भाजपा को सत्ता से बाहर करने का लें प्रण'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें मिलकर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। सभी को इसकी प्रतिज्ञा लेनी है कि भाजपा वर्ष 2024 में सत्ता में वापस न आने पाए। क्योंकि वर्तमान सरकार से देश खुश नहीं है। खड़गे ने गुरुवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन- प्रतिज्ञा- उज्ज्वल भारत की को संबोधित करते हुए कहा कि वह सभी को सलाह देना चाहते हैं कि आप अच्छा काम करें और भाजपा को हटाएं।

# डॉक्टर्स अस्पताल की आत्मा हैं : सीएम शिवराज

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के चयनित डॉक्टरों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डॉक्टर तो जीवनदाता होते हैं। आप सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का काम आपके हाथ में हैं। भगवान के बाद लोग डॉक्टर को सबसे अधिक सम्मान देते हैं। "डॉक्टर्स, अस्पताल की आत्मा हैं। आप पूरी लगन और निष्ठा के साथ मानव सेवा व जीवन रक्षा का कार्य करते रहें, आपको किसी तरह की कोई परेशानी न हो; यह हम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान गुरुवार को अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के चयनित डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चिकित्सकों का काम सिर्फ नौकरी करना नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करना है। बच्चों से पूछो कि बड़े होकर क्या बनना चाहते हो, तो अधिकतर बच्चे कहते हैं कि डॉक्टर। उन्होंने कहा कि और मैं भी कहता हूं, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, उसमें रहने वाली जनता मेरी भगवान है और उनका पुजारी शिवराज सिंह चौहान है।

## शरद पवार ने पीएम मोदी पर कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार ने गुरुवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल किला वाले भाषण का जिक्र करते हुए उनपर निशाना साधा। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को मी पुन्हा येईन (मैं फिर आऊंगा) कहा था, मैं उन्हें बताता चाहता हूं कि ऐसी ही बात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही थी और वह सत्ता में आएंगे, लेकिन उनका कद घट गया।

**निर्माण कार्य**

राम मंदिर आंदोलन में अपने प्रा□ों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए

# राम मंदिर आंदोलन में गोली खाने वालों को मिलेगा सम्मान



**सम्मान**

▶▶ इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों-भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या में** भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। जनवरी में इसका उद्घाटन होना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भगवान राम के मंदिर के लोकार्पण के साथ-साथ उन लोगों को भी सम्मान देने की योजना बना रहा है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाए थे। इन वीर शहीदों को सम्मान देने के लिए ट्रस्ट की बैठकों में कई माध्यमों पर चर्चा हुई है। इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों-भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया है। अंततः अयोध्या में बनने वाले प्रस्तावित राम म्यूजियम में ऐसे सभी शहीदों को स्थान देकर उन्हें सम्मान देने की योजना पर अंतिम सहमति बन सकती है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सूत्रों ने कि ट्रस्ट की बैठकों में इस बात पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। कुछ सदस्यों ने इन राम भक्तों की मूर्तियां स्थान-स्थान पर लगवाने का प्रस्ताव किया तो कुछ ने इनके नाम पर अयोध्या की सड़कों-चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में सबसे बड़ी बाधा यह रही कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों की संख्या की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है। लगभग पांच सौ वर्ष लंबे चले राम मंदिर आंदोलन में हजारों लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। 1990 के दशक में चले आंदोलन से पूर्व के आंदोलनों में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों के विषय में ठीक-ठीक सूचना पाना भी कठिन हो सकता है। इनकी संख्या भी बहुत अधिक हो सकती है।

# चन्द्रयान 3: विक्रम लैंडर मॉड्यूल से हुआ अलग



**कदम बढ़ाया**

▶▶ इसरो के ट्वीट में कहा गया चंद्रयान-3 मिशन : लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा, सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने अपनी चंद्र अन्वेषण यात्रा में गुरुवार को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रज्ञान रोवर को लेकर चल रहा अंतरिक्ष यान का विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया। इससे मिशन एक कदम और आगे बढ़ गया। इसरो ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इसरो के ट्वीट में कहा गया चंद्रयान-3 मिशनः लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा, सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त! एलएम को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है। कल लगभग शाम चार बजे पहले से तय गति कम करने के बाद एलएम थोड़ी निचली कक्षा में उतरने के लिए तैयार है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत दुनिया में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन इस उपलब्धि को हासिल कर चुके हैं। चन्द्रयान-3 की विशेषता यह है कि यह भारत के प्राकृतिक उपग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा। कोई और अन्य देश अभी तक ऐसा नहीं कर सका है।

# उपायुक्त ने किया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस का औचक निरीक्षण

## • निर्माण सामग्री और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डीसी अनीश यादव ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी प्रोजेक्ट में गुणवत्तापरक कार्य के साथ-साथ काम में तेजी लाई जाए। डीसी ने हॉकी स्टेडियम, स्वीमिंग पूल, ओल्ड ऐज होम, उत्तम नगर पार्क, स्पोर्टस हॉस्टल, मल्टी पर्पज स्पोर्ट्स हॉल, स्पोर्ट्स स्टेज बिल्डिंग, महिला आश्रम और नारी निकेतन का दौरा किया। डीसी अनीश यादव ने सर्वप्रथम हॉकी स्टेडियम का दौरा किया। यहां उन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वीमिंग पूल के निर्माण कार्य को लेकर कुछ सुझाव दिए। इसके बाद ओल्ड ऐज होम की बिल्डिंग के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



डीसी अनीश यादव ने स्थानीय उत्तम नगर में करीब 6 एकड़ में बनाए जा रहे पार्क के विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। यहां पार्क में ही सिंगल स्टोरी बिल्डिंग के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को सख्त हिदायत दी कि उत्तम नगर में निमार्णाधीन पार्क के कार्यों में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, कहीं पर भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कर्ण स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल, मल्टी पर्पज हॉल और स्टेज बिल्डिंग के काम में तेजी लाने के निर्देश:** डीसी अनीश यादव ने मिक्सड यूज डेवलपमेंट प्रोजैक्ट, कर्ण स्टेडियम तथा सेक्टर 32 में निमार्णाधीन इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नक्शे की ड्राइंग के मुताबिक प्रोजेक्ट में इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री को जांचा। उन्होंने अधिकारियों को प्रोजैक्ट को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। गौरततलब है कि मिक्सड यूज डेव्लपमेंट प्रोजैक्ट शहर की प्रमुख शक्ति कॉलोनी में बन रहा है।

डीसी अनीश यादव ने इसके बाद कर्ण स्टेडियम में निमार्णाधीन अलग-अलग प्रोजैक्ट का भी निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने निर्माण सामग्री के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि कर्ण स्टेडियम में विभिन्न प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य जारी है। इनमें पहले फेज में घोषित होस्टल, मल्टीपर्पज हॉल, स्टेज बिल्डिंग, एडमिन ब्लॉक, वहीं दूसरे फेस में घोषित जिमनास्टिक हॉल का निर्माण कार्य शामिल है।

**गुणवत्तापरक**

**उपायुक्त ने निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल और बैडमिंटन व स्कवैश कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया**

डीसी अनीश यादव ने सैक्टर 32 स्थित इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलैक्स के तहत निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल और बैडमिंटन व स्कवैश कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया तथा सभी कार्यों को स्पीड अप करने के निर्देश दिए।

# टूटी सड़कों एवं गड्ढों की सरकार जल्द करें मरम्मतः जरनैल सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला के गांव लखनौर साहिब से गांव मोहड़ी जाने वाला रास्ता जो की गंभीरता से टूटा हुआ है कभी भी किसी भी वक्त वहां कोई भी हादसा हो सकता है बरसात आने पर वहा ढाई से तीन फीट पानी गढ़ों में भरा रहने से राहगीरों को सड़क में चलने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है

समाजसेवी जरनैल सिंह मोहड़ी ने गांव में जाकर देखा की लोगों को टूटी हुई सड़कों पर चलना दुर्लभ हो गया है उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही इस बारे प्रशासन से बात कर लोगों की समस्या को हल कर दिया जाएगा । लोगों का कहना है कि राजनीति करने वाले लोग सिर्फ. राजनीति चमकाने के लिए गाँव में आते है जबकि जरनैल सिंह मोहड़ी ही एक एसे व्यक्ति है जो प्रशासन तक हमारी समस्या पहुचाते है व उसका समाधान करते हैं।

इस मोके पर ग्रामवासी हरभजन सिंह संधु , शिव दयाल ,नसीब सिंह ,सतपाल सिंह सुखदेव सिंह,तेजपाल शर्मा व अन्य लोगों ने समाजसेवी जरनैल सिंह मोहड़ी का धन्यवाद किया।

# रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में सम्मान समारोह आयोजितः स्वीटी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक )** के गांव मछरौली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरव कुमार और जयकरण ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा को आमंत्रित किया ।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में फौजी भाइयों निशांन सिंह ,गुरबाज सिंह, हरभजन सिंह, हरदयाल सिंह ,दलजीत सिंह , व तरसेम सिंह सूबेदार को सम्मानित किया। इसी कार्यक्रम में स्वीटी रंगा ने होनहार विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज हम उन क्रांतिकारी वीरों की बदौलत स्वतंत्र भारत में जीवन यापन कर रहे हैं । हम उनको शत शत नमन करते हैं और इन फोजी भाइयों को सैल्यूट करते हैं । यह हम सबकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहे। स्वीटी रंगा ने कहा कि आजाद भारत में रहते हुए हमें देश के विकास और आपस में भाईचारा कायम रखना है ताकि हमारा देश विकास कर सके । एडवोकेट नरेंद्र जबल और सूबेदार तरसेम सिंह ने कहा कि हम सबको शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करना होगा जिस प्रकार से स्वीटी रंगा शिक्षा के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं।यह गरीब परिवार की बेटियों के लिए शिक्षा के लिए कार्य कर रही हैं जोकि बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर गांव वासी गौरव कुमार , जयकरण, विकास कुमार, सतीश कुमार, गुरपाल, देशराज, सतपाल ,धर्म सिंह, परवारा राम, गुलजार सिंह काफी संख्या में प्यारे बच्चे मातृशक्ति बुजुर्ग उपस्थित रहे ।



**सम्मानित**

**हम उनको शत शत नमन करते हैं और इन फोजी भाइयों को सैल्यूट करते हैं। सबकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहे**

# हरिपुर में 'स्वतंत्रता दिवस' बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया

**राष्ट्र भक्ति**

**हमें इस आजादी को सार्थक करके दिखाना है और भारत का परचम पूरे विश्व में लहराना है**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में "स्वतंत्रता दिवस "बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले जिला परिषद पिंकी देवी, ग्राम सरपंच मोहनलाल सैनी ,एस एम सी प्रधान श्रीमती सुमन देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने गांव के गणमान्य व्यक्तियों ,विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा तीन रंगों से सजी हुई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन रितेश कौशिक ( अर्थशास्त्र प्रवक्ता) ने बड़े जोश और उल्लास के साथ किया ।पूरा वातावरण" वंदे मातरम्" और "भारत माता की जय" जैसे उद्घोषों से झंकृत हो गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बताया कि हमें यह आजादी न जाने कितने वीर सपूतों के बलिदानों से प्राप्त हुई है। हमें इस आजादी को सार्थक करके दिखाना है और भारत का परचम पूरे विश्व में लहराना है। इसके साथ ही समाजसेवक राकेश व उनकी माता श्रीमती रीटा देवी द्वारा पहली कक्षा से 12वीं कक्षा में प्रथम आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर भी सभी प्रथम रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया ।इसके साथ ही प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जस्ट ने सभी स्टाफ सदस्यों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस समय विद्यार्थियों ने अनुशासन का पालन किया और पूरे कार्यक्रम मे उनका जोश देखने लायक था। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सदस्य ,एस एम सी के सदस्य, शिक्षाविद ,समाजसेवी, गांव के गणमान्य व्यक्ति व विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे ।





टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी के एयर फोर्स (प्री प्राइमरी विंग) स्कूल में टीचर्स ने बच्चों साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया।

# 'छात्र हित में चलाई जाने वाली हर गतिविधि में छात्रों को भाग लेना चाहिए'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्थानीय भगवान परशुराम कॉलेज में छात्र प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. हीरा लाल शर्मा ने सबसे पहले नए छात्रों का स्वागत किया तथा उन्होंने कॉलेज के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों का परिचय दिया।

छात्र प्रेरण कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने सबसे पहले कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया तथा उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि कॉलेज के हर छात्र को अपने छात्र-जीवन मे कॉलेज द्वारा करवाई जाने वाली गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रियता के साथ भाग लिया और इस कार्यक्रम भूरी-भूरी सराहना की।इस अवसर पर एन.सी.सी., एन.एस.एस., शारीरिक शिक्षा, संस्कृति कार्यक्रम, योग और मेडिटेशन, महिला सेल, रोजगार विभाग आदि के प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों के बारे में कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों को अवगत कराया।इस अवसर पर डॉ. हीरा लाल शर्मा, प्रो. कर्मजीत सिंह, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. रमा शर्मा, प्रो. वासव दत्ता, डॉ. एम.आर. बंसल, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. नीरज वशिष?ठ, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. दिलबाग सिंह आदि विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी उपस्थित थे।

**छात्रों का स्वागत**

**नए छात्रों का स्वागत किया तथा उन्होंने कॉलेज के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों का परिचय दिया**

## नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगाः शशांक कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख एवं पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के मार्गदर्शन व एसपी शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट करनाल ने घरौंडा से दो नशा तस्करों, जिनमें एक महिला व एक पुरुष से 4 किलो 500 ग्राम अफीम सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की थी।

# डॉक्टर पवन दहिया की 46 जयंती पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** दीनबंधु छोटूराम साइंस एंड टेक्नोलॉजी मुरथल सोनीपत में डॉक्टर पवन दहिया की 46 जयंती पर पौधारोपण करके उनको श्रद्धांजलि दी गई। चांदराम दहिया ने बताया डॉक्टर पवन दहिया हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे जैसे रक्तदान पौधारोपण, करेगा में एक योद्धा की तरह काम किया।, डॉक्टर पवन दहिया हमेशा पर्यावरण के प्रति बहुत ही जागरूक और सजग थे। वे समय-समय पर पौधारोपण करते रहते थे, डॉक्टर पवन दहिया का मानना था कि हम शिक्षा के माध्यम से हम अपने समाज का अपने राष्ट्र का कल्याण कर सकते हैं। आज डॉक्टर पवन दहिया के परिवार के द्वारा त्रिवेणी पौधारोपण यूनिवर्सिटी में किया गया। चांद राम दहिया ने बताया बरसात के दिनों में सभी को कम से कम 5 पौधे लगाने जरूरी चाहिए और उसका देखभाल करने का भी संकल्प लेना चाहिए। त्रिवेणी लगाकर चांदराम ने कहा पर्यावरण संरक्षण ,पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन शुद्ध वायु दवाइयों प्रयोग करते हैं। चांद राम दहिया जी ने बताया पौधारोपण और प्रकृति संरक्षण से हमें शुद्ध वायु ,जल अन्य प्राकृतिक लाभ मिलते हैं। पौधों का संरक्षण, प्रकृति को बढ़ाने की जिम्मेवारी सभी को करनी चाहिए। हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।आज दीनबंधुछोटू राम साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी 20 पौधे लगाए गए छायादार फलदार पौधे लागये व संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली।



**देखभाल**

**पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए**

# शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिएः बलविंद्र सिंह घोत्रा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )** राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी में आजादी का 77वाँ दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस को मनाने का आगाज ध्वजारोहण से हुआ और ध्वजारोहण गाँव की सबसे पढ़ी लिखी बेटी नेहा और सरपंच प्रदीप कुमार ने सभी जनों की उपस्थिति में किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और साथ ही सभी बच्चों ने अपने हाथों में गाँव की मिट्टी लेकर पंच प्राण प्रतिज्ञा करके भू - वंदन किया ' आजादी पर्व के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, कविताएँ, देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये गए। विद्यालय के इंचार्ज प्रदीप कुमार ने आजादी के संघर्ष में वीर शहीदों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। समाजसेवी बलविंद्र सिंह घोत्रा ने कहा कि आजाद देश के नागरिक होने के नाते हमें अपने शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सरपंच प्रदीप कुमार ने विद्यालय के एजुसेट चौकीदार शेर सिंह, मिड डे मिल कर्मचारी सुदेश रानी, विद्यालय की अध्यापिका गीता देवी को अवार्ड देकर सम्मानित किया तथा विद्यालय के इंचार्ज प्रदीप कुमार को अवार्ड के साथ विद्यालय में उनकी बेहतर सेवाओं के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत की तरफ से प्रदान किया। इसके अलावा गाँव की सबसे पढ़ी लिखी बेटी नेहा को भी सम्मानित किया और विद्यालय प्रबंध समिति की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया को भी सम्मानित किया गया ' आँगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा रानी को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को लड्डू प्रसाद भी वितरित किया गया 'इस अवसर पर मुख्य अतिथि गाँव निवारसी के सरपंच प्रदीप कुमार और गाँव निवारसी की पंचायत के अन्य पंच प्रतिनिधि अमन कुमार, सरिता देवी, सुखविंद्र सिंह, गुरमीत कुमार, राहुल गाबा, बलविंद्र सिंह, जसवंत सिंह, रजनी देवी, ओम प्रकाश, अंजु रानी, पिंकी देवी व रानी गाबा उपस्थित रहे।



**पंच प्राण प्रतिज्ञा**

**ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और बच्चों ने अपने हाथों में गाँव की मिट्टी लेकर पंच प्राण प्रतिज्ञा ली**

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए किया रक्तदान

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**कुरुक्षेत्र। 159 बार रक्तदान और 74 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त कोष में 467 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह शिविर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए रक्त की आपूर्ति के लिए लगाया गया। रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान एवं मानव मित्र मंडल के पदाधिकारी भारतेन्दु हरीश और रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। शिविर की अध्यक्षता डॉ. रमा ने की।



स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। मुख्यातिथि भारतेन्दु हरीश और नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यह शिविर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है।शिविर में सूरज सिंह, हरजिंद्र सिंह, सतनाम सिंह, सलिंद्र कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, प्रज्ज्वल, राहुल, देवेंद्र शर्मा, शैली शर्मा, अजय राणा, मदन लाल, वीरेंदर कुमार, परमजीत, मोहित, राधे श्याम, सुखविंद्र, सुनील कुमार, ज्योति, विपिन और सुरजीत ने रक्तदान किया।

# पानीपत रिफाइनरी: विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहण को मंजूरी

## तीन गांवों की 349 एकड़ पंचायती जमीन अधिग्रहण करने की मंजूरी, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**फैसला**


**आईओसीएल, पानीपत रिफाइनरी द्वारा आसन कलां गांव की 140 एकड़, खंडरा की 57 एकड़ तथा बाल जाटान गांव की 152 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने इंडियल ऑयल कॉर्पोरेशन, पानीपत रिफाइनरी के विस्तार के लिए साथ लगते तीन गांवों आसन कलां, खंडरा तथा बाल जाटान गांवों की 349 एकड़ पंचायती जमीन की अधिग्रहण करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में निवास संत कबीर कुटीर पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली भी उपस्थित थे। आईओसीएल, पानीपत रिफाइनरी द्वारा आसन कलां गांव की 140 एकड़, खंडरा की 57 एकड़ तथा बाल जाटान गांव की 152 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा। जमीन भाव के अलावा, रिफाइनरी अलग से 10 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से गांव के विकास कार्यों के लिए राशि का भुगतान करेगा। उल्लेखनीय है कि पानीपत में आईओसीएल ने अपने पानीपत रिफाइनरी व पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स 4200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित है। आईओसीएल की ओर से रिफाइनरी के विस्तार हेतु हरियाणा सरकार ने लगभग 600 एकड़ जमीन देने का अनुरोध किया था, जिसमें से 349 एकड़ जमीन सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई गई है। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक डीके बेहरा, पानीपत के उपायुक्त विरेंद्र दहिया, आइओसीएल के प्रतिनिधि, आसन कलां गांव के सरपंच रामकिशन, खंडरा गांव के सरपंच राकेश तथा बाल जाटान गांव के सरपंच सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधानसभा सत्र के सुचारू संचालन के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा के 25 अगस्त, 2023 को प्रातः 11 बजे से आरंभ होने वाले सत्र के सुचारू संचालन, कार्यवाही के निर्बाध निष्पादन और सभी प्रशासनिक सचिवों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।



**उपस्थिति और प्रस्थान:** श्री कौशल ने निर्देशों में कहा कि विधानसभा सत्र के सफल आयोजन के लिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। जब तक अत्यंत आवश्यक न हो अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा छुट्टी नहीं ली जानी चाहिए और किसी भी छुट्टी के आवेदन के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन अनिवार्य है। अपरिहार्य कारणों से ही छुट्टी दी जानी चाहिए।

**सीमित गैलरी पहुंच:** हरियाणा विधानसभा की अधिकारी गैलरी में बैठने की सीमित क्षमता को देखते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि गैलरी में प्रवेश की अनुमति विशेष रूप से प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को दी जाएगी। निर्देशों में कहा गया है कि जब प्रशासनिक सचिव या विभागाध्यक्ष अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उपस्थित होने में असमर्थ होते हैं, तो विभाग के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी उनकी ओर से उपस्थित हो सकते हैं।

**गैलरी प्रवेश की प्रक्रिया:** निर्देशों में कहा गया है कि अधिकारी दीर्घा में प्रवेश की अनुमति चाहने वाले प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को सत्र शुरू होने से पहले सचिव, हरियाणा विधानसभा को अपना अनुरोध प्रस्तुत करना होगा। इस प्रक्रिया के बारे 7 जुलाई, 2023 को एक परिपत्र जारी किया गया है। इस परिपत्र का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

**दस्तावेज समय पर जमा करना:** प्रशासनिक सचिवों को 21 अगस्त, 2023 तक प्रस्तावित विधायी कार्य और विधेयकों का विवरण राजनीतिक और संसदीय कार्य विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। समय पर दस्तावेज प्रस्तुत करने से आगामी सत्र के लिए विधायी कार्य को व्यापक तरीके से अंतिम रूप देने में मदद मिलेगी।

# भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण आवश्यक: डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**पर्यावरण संरक्षण**

**उपमुख्यमंत्री ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि समाज की भलाई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित प्रथाओं के उपयोग पर ध्यान देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा ही वह बेहतर विकल्प है जो भारत में सतत विकास को गति दे सकती है । भारत हरित विकास और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। उपमुख्यमंत्री वीरवार को गुरुग्राम के गुरुग्राम विश्वविद्यालय में व्यापार की पुनर्कल्पना: प्रौद्योगिकी एवं हरित प्रथाओं का उपयोगह्व विषय पर दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य विचारों, प्रौद्योगिकियों , रणनीतियों और हरित प्रथाओं को गति प्रदान करना है जो आधुनिक युग में पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यवसायों के संचालन के तरीके को नया आकार दे सके । उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में इलेक्ट्रिक कारों, सोलर लाइटें, आईटी उद्योग के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण चेतना के क्षेत्र एक-दूसरे के साथ जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। आज हमारे बिजनेस मॉडल में नई प्रौद्योगिकियों का एकीकरण अब कोई विकल्प नहीं रह गया है , यह एक अनिवार्यता है। उन्होंने श्रेष्ठ और समर्थ भविष्य के लिए ऊर्जा के संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि आज हरियाणा प्रदेश देश की श्रेष्ठ इलेक्ट्रिक व्हीकल पालिसी के तहत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने गुरुग्राम स्थित ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) का उल्लेख करते हुए कहा यह संस्था हरित ऊर्जा को बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।आज भारत में बहुत ही ऐसी निजी व सरकार द्वारा पोषित संस्थाएं हैं जो हरित ऊर्जा जैसे विषयों पर शोध कर रही हैं। ऐसे में हमें हमारे विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में हरित ऊर्जा जैसे विषयों को भी प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा की लागत को उस स्तर तक कम किया जाना चाहिए जो प्रत्येक व्यक्ति के उपयोग के लिए उपलब्ध हो। दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा के उचाना क्षेत्र के गांव गुरुकुल खेड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष नवंबर माह के अंत तक यह गांव पूरी तरह से प्रदेश का पहला सोलर विलेज होगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा सिस्टम लगने के बाद घरों में सोलर के जरिए ही बिजली की सप्लाई होगी और गांव बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन जाएगा। उन्होंने अपने संबोधन में जीयू द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि व्यवसाय विकास, नई तकनीक, और विशेष रूप से हरित प्रथाओं जैसे विषय केवल चर्चा के विषय नहीं हैं बल्कि ये ऐसे स्तंभ हैं जिन पर प्रगति, स्थिरता और नवाचार की इमारत टिकी हुई है।
कार्यक्रम में गुरुग्राम विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला।

# श्रम मंत्री अनूप धानक करेंगे परिवादों की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में 21 अगस्त सोमवार को चरखी दादरी स्थित लघु सचिवालय परिसर में कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे आयोजित होगी। चरखी दादरी के एसडीएम नवीन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में 15 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। इनमें पुलिस विभाग, सिंचाई, लोक निर्माण, एसडीएम कार्यालय बाढड़ा, श्रम विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, आबकारी एवं कराधान, नगर परिषद, समाज कल्याण व एलडीएम कार्यालय से संबंधित परिवाद शामिल हैं। बैठक में

**समाधान होगा**

**लघु सचिवालय परिसर में कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी**

उपायुक्त प्रीति, पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह के अलावा जिला के जनप्रतिनिधि एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।
उन्होंने बताया कि निर्धारित परिवादों का निपटारा किए जाने के बाद श्रम मंत्री आम नागरिकों की भी शिकायत शिकायतें सुनेंगे।

# खेतड़ी-नरेला एक्सटेंशन बिजली लाईन के टावरों का कार्य जल्द शुरू करवाएं: संजीव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने महेन्द्रगढ, झज्जर व रेवाड़ी के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे खेतड़ी-नरेला बिजली ट्रांसमिशन एक्सटेशन लाईन पर लगाए जाने वाले टावरों का कार्य आगामी 10 दिन में अवश्य शुरू करवाएं ताकि बिजली लाईन का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। मुख्य सचिव आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पीजीसीआईएल द्वारा 765/400 केवी खेतड़ी-नरेला लाईन एक्सटेंशन के निर्माण को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक मे पावर युटिलिटिज हरियाणा के चेयरमैन पी के दास एवं ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए के सिंह भी मौजूद रहे। महेन्द्रगढ की

**लाईन एक्सटेंशन**

**एक्सटेंशन कार्य खेतड़ी सबस्टेशन से बिजली निकासी का निष्पादन करने के लिए किया जा रहा है**

उपायुक्त श्रीमती मोनिका गुप्ता, झज्जर के उपायुक्त शक्ति सिंह एवं रेवाड़ी के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एवं पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारी ऑनलाईन जुड़े। मुख्य सचिव ने कहा कि खेतड़ी-नरेला लाईन एक्सटेंशन पर 119 टावर लगाए जाने हैं । इनमें महेन्द्रगढ जिला में 8, झज्जर जिला में 85 व रेवाड़ी में 26 टावर लगाने के लिए टावर फाउंडेशन को लेकर मार्किंग, वाटर लोगिंग, मुआवजा आदि की कुछ दिक्कतें को तुरन्त प्रभाव से निपटाएं। उन्होंने कहा कि झज्जर के गांव रेवाड़ी खेड़ा, मातन, छारा, आसोदा लडरावण, खरहर, बिरधाना, गुढा गिरावड तथा महेन्द्रगढ के गांव बेरी, चितलांग व उन्हानी तथा रेवाड़ी में मुमताजपुर सहित तीन गांवों में खेतड़ी-नरेला एक्सटेशन लाईन पर लगाए जाने वाले टावरों को लेकर जल्द जल्द से कार्रवाई अमल में लाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा खेतड़ी-नरेला लाईन का एक्सटेंशन कार्य खेतड़ी सबस्टेशन से बिजली निकासी का निष्पादन करने के लिए किया जा रहा है।

# आआपा ने हरियाणा की 86 विधानसभा क्षेत्रों में चलाया बिजली आंदोलन: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी (आआपा) ने हरियाणा के 86 विधानसभा क्षेत्रों में बिजली आंदोलन पूरा करने का दावा किया है। आआपा हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा तथा पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने गुरुवार को चंडीगढ़ में बिजली आंदोलन पर रिपोर्ट जारी की। उन्होंने बताया कि आआपा ने 30 जुलाई से हरियाणा में बिजली आंदोलन शुरू किया है। अब तक 86 विधानसभाओं में बिजली आंदोलन चलाया है और नूंह हिंसा व बाढ़ की वजह से चार विधानसभा क्षेत्रों में ये आंदोलन अभी शुरू नहीं किया गया है। अभी तक 5201 गांवों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा चुका है। इसके तहत अब तक 4724 जनसभाएं की जा चुकी हैं। प्रदेश में 4454 जगहों पर लोगों ने आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर बिजली बिल को जलाया है। उन्होंने कहा कि 10 लोकसभाओं में से अंबाला लोकसभा में सबसे ज्यादा 1062 जगहों पर ये अभियान चलाया गया है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के गांवों में सबसे ज्यादा डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया है। पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ने कहा कि पंजाब में सरकार बनने के बाद 600 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक महीने में 300 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च करने पर हरियाणा के लोगों को पंजाब से ज्यादा महंगे बिजली बिलों का भुगतान करना पड़ता है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के बीच हुआ एलओयू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के महिला एंव बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की उपस्थिति में हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। यह एलओयू एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की पोषण प्रभावशीलता बढ़ाने और राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हुआ। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के बीच पोषण और लिंग सशक्तिकरण के क्षेत्र में विभाग के काम को मजबूत करने के लिए ज्ञान, कौशल और विशेषज्ञता के हस्तांतरण और आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक श्रीमती मोनिका मलिक व देश में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की प्रतिनिधि सुएलिजाबेथ फॉरे के बीच एलओयू का आदान-प्रदान हुआ। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की पोषण प्रभावशीलता बढ़ाने पर डब्ल्यूएफपी के साथ यह सहयोग हरियाणा में महिलाओं और बच्चों

**सशक्तिकरण**

**यह एलओयू आईसीडीएस की पोषण प्रभावशीलता बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा**

की पोषण स्थिति में सुधार लाने में काफी मदद करेगा। यह सहयोग कुपोषण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूसीडी विभाग हरियाणा में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए डब्ल्यूएफपी के साथ जुड़ेगा।
उन्होंने सतत विकास लक्ष्य 2 यानी भूखमरी समाप्त करने, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण प्राप्त करने की दिशा में सरकारी प्रयासों का समर्थन करने के लिए डब्ल्यूएफपी की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर सुएलिजाबेथ फॉरे ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और विश्व खाद्य कार्यक्रम मिलकर नवाचार और क्षमता निर्माण के माध्यम से पोषण 2.0 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कुपोषण, एनीमिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक रोडमैप तैयार करेंगे।

# सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प: बबली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि ग्रामीण विकास पर फोकस रखते हुए पंचायती राज संस्थान के जन प्रतिनिधि सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। आज फतेहाबाद में आयोजित जिला की पंचायती राज संस्थाओं के जन प्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि ग्रामीणों की सांझेदारी के साथ प्राथमिकता के आधार पर गांव में विकास संबंधी प्रस्ताव बनाकर भेजें। बबली ने कहा कि गांवों के विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश

**ग्रामीण विकास पर फोकस रखते हुए पंचायती राज संस्थान के जन प्रतिनिधि सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाए**

सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनके गांवों में विकास के पहिए को रुकने नहीं दिया जाएगा और सरकार द्वारा गांवों का विकास करने में उन्हें भरपूर सहयोग दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि



क्षेत्र वासियों ने हमेशा विकास व नीतियों पर भरोसा जताया है और इसी भरोसे के अनुरुप गांवों में योग्य उम्मीदवारों को पंच-सरपंच के लिए चुना है। उन्होंने कहा कि जन - प्रतिनिधि लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें और गांवों में विकास की गति को और ज्यादा बढ़ाएं। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के विकास कार्यों में ई-टेंडरिंग सिस्टम बहुत पारदर्शी और अच्छा है। वर्तमान ई-टेंडरिंग प्रणाली लागू होने से विकास कार्यों को करवाने में पूरी पारदर्शिता आएगी और सभी सरपंचों के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारत देश की आत्मा गांवों में बसती है। गांवों का विकास होगा देश का विकास होगा, इसलिए जिला परिषद, पंचायत समिति व ग्राम पंचायतें गांवों का विकास ईमानदारी व सच्ची लगन से करवाए। पंचायत को कार्य करवाने और पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान करने में किसी प्रकार की कठिनाइयां ना हो।

## कर्मचारी अब ई-आवास पोर्टल पर रखरखाव संबंधी शिकायतें दर्ज करवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
चंडीगढ़ प्रशासन ने हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को आवंटित चंडीगढ़ में स्थित सरकारी आवासों के रखरखाव से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण की सुविधा के लिए ई-आवास पोर्टल लॉन्च किया है। मुख्य सचिव कार्यालय ने इन घरों में रहने वाले सभी कर्मचारी, अधिकारियों से पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करवाने का आग्रह किया है। चंडीगढ़ प्रशासन ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर कहा है कि यह पोर्टल शिकायतों का कुशलतापूर्वक और समय पर समाधान सुनिश्चित करेगा।

# डेयरी संचालकों ने मेयर के निर्देशों को दिखाया ठेंगा, बैठक से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
नगर निगम की नजरों में सीवरेज जाम का प्रमुख कारण बने डेयरी संचालकों ने मेयर के साथ बैठक करने से इनकार कर दिया है। एक दिन पहले ही मेयर ने डेयरी संचालकों के साथ गुरुवार के लिए बैठक निश्चित की थी, लेकिन तय समय पर कोई डेयरी संचालक नहीं हुआ और मेयर के निर्देशों को ठेंगा दिखा दिया। मेयर ने यह कहते हुए बैठक बुलाने का निर्देश दिया था कि डेयरी संचालकों द्वारा सीवरेज में पशुओं का गोबर डालने की वजह से शहर में सीवरेज ब्लॉक की समस्या बनी हुई है। ऐसे में बैठक बुलाकर उनसे बातचीत की जाएगी। तय समय पर मेयर व अधिकारी बैठक के लिए डेयरी संचालकों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई भी डेयरी संचालक बैठक में नहीं आया। बताया जा रहा है कि नगर निगम ने डेयरी संचालकों की पहचान करके 17 पशुपालकों को नोटिस जारी किए हैं। निगम का कहना है कि उनकी वजह से वार्ड में सीवरेज जाम की समस्या पैदा हो रही है। सीवरेज जाम का एक बड़ा कारण गोबर है। काफी देर इंतजार करने के बाद डेयरी संचालक तो नहीं पहुंचे, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर राकेश अवश्य निगम कार्यालय पहुंच गए। उनको साथ लेकर मेयर गौतम सरदाना ने मिल गेट सहित कई क्षेत्रों का उन्हें निरीक्षण करवाया और बताया कि शहर के वार्डों में सीवरेज जाम की समस्या की शिकायतें आ रही हैं। नगर निगम ने इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए शहर के सभी सीवरेज की सफाई करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 4.60 करोड़ का टेंडर लगाया गया है। चीफ इंजीनियर राकेश कुमार ने बताया कि शहर के सीवरेज सिस्टम की की सफाई के लिए 4 करोड़ 60 लाख का टेंडर लगाया गया है।

# सीएम की मनोहर अपील का असर- बिल भरने के लिए आगे आ रहे हैं लोग

## म्हारा गांव, जगमग गांव के तहत 5745 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति हुई, पिछले 9 वर्षों में नहीं बढ़ाये हैं बिजली के बिलों के रेट- मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि राज्यों के बिजली विनियामक आयोगों का जिस उद्देश्य को लेकर का गठन किया गया था उस दिशा में उपभोक्ताओं के हितों में बड़ी सेवा कर रहे हैं तथा अपने स्तर पर बिजली सुधार में सकारात्मक कार्य कर रहे हैं। जिसके फलस्वरूप हरियाणा की सभी बिजली कंपनियां पहली बार मुनाफे में पहुंची हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के गठन की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित बिजली विनियामक आयोगों के क्षेत्रीय सम्मेलन में मुख्य



अतिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने आयोग के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि बिजली डिस्कॉम कंपनियां वित्त क्षेत्र की सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम में से एक है। बिजली कंपनियों को घाटे से उबारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर

**डिस्कॉम**

**बिजली डिस्कॉम कंपनियां वित्त क्षेत्र की सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम में से एक है : सीएम**

"उदय" स्कीम लागू की गई थी। हरियाणा सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप बिजली कंपनियों का 25,950 करोड़ रुपये का घाटा सरकार ने अपने स्तर पर वहन किया और आज हरियाणा की सभी चारों बिजली कंपनियां मुनाफे में चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वप्रथम वर्ष 2014 में जब उन्होंने हरियाणा की सत्ता की बागडोर संभाली थी तो उस समय उन्होंने बिजली सुधार का संकल्प लिया था और वर्ष 2015 में तत्कालीन भिवानी जिले के बाढड़ा में जहाँ बिजली को लेकर बड़े-बड़े आंदोलन हुए,
वहां पर आयोजित रैली में उन्होंने उपस्थित लोगों से झोली फैलाकर बिजली के बिल भरने की अपील की थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अपील का लोगों पर इतना असर हुआ कि लोग स्वयं बिजली के बिल भरने के लिए आगे आ रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आकाश बायजूस ने लांच की अपनी सबसे बड़ी बहुप्रतीक्षित परीक्षा एएनटीएचई 2023



**करनाल।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने आज अपनी सबसे बड़ी लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। 100% तक छात्रवृत्ति और असाधारण नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करती है। एएनटीएचई 2023 का लक्ष्य सफलता के लिए एक उल्लेखनीय प्रवेश द्वार बनना है, जो युवाओं को इंजीनियरिंग या चिकित्सा में उज्ज्वल भविष्य की उनकी आकांक्षाओं के लिए उड़ान भरने के लिए प्रेरित करता है। एएनटीएचई छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं और एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। एएनटीएचई 2023 में छात्रों के लिए रोमांचक उपलब्धि यह है कि 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा। जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जाएगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ, अभिषेक माहेश्वरी ने एएनटीएचई 2023 पर कहा, "आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम इच्छाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटकर लाखों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्प्रेरक रहा है। "हमने 2010 में एएनटीएचई की शुरूआत के बाद से, स्थानीय सीमाओं को पार करते हुए, देश भर में योग्य छात्रों तक हमारे कोचिंग अवसरों का विस्तार करने का प्रयास किया है। छात्र एएनटीएचई की बदौलत किसी भी स्थान से एनईईटीऔर आई आई टी -, जेईई परीक्षाओं के लिए अध्ययन कर सकते हैं। हम एएनटीएचई में महत्वपूर्ण भागीदारी की उम्मीद करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता में अटूट हैं। एएनटीएचई 2023 भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में 7-15 अक्टूबर, 2023 तक होगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'राष्ट्रीय लोक अदालत में लें अधिक से अधिक मामले'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** आगामी 9 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में दुर्घटना के दावोंए चेक बाउंसए बैंक वसूलीए जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित दीवानी विवाद और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित मामलों सहित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि बैठक में मंडल प्रबंधक राष्ट्रीय बीमा कंपनी समीर धवन, जिला अग्रणी प्रबंधक एसके हंदूजा, एडवोकेट, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी अशोक वोहरा, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मोटर



दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा इस संबंध में गंभीर प्रयास किए जाएं ताकि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों के समक्ष लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख प्रबंधक को मोटर दुर्घटना दावा मामलों के निपटान के लिए मोटर दुर्घटना दावा मामलों से संबंधित 13 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को ज्यादा से ज्यादा केसो का निपटारा करें, ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों को कम किया जा सके और लोगो को न्याय की लम्बी प्रिक्रिया से छुटकारा मिले। उन्होंने कहा कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है, जहां अदालत में या पूर्व मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादोंध्मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा-समझौता किया जाता है।

**घरेलू हिंसा**


**मामलों या मामलों को समझौता करने या निपटाने के लिए किसी भी पक्ष पर दबाव या दबाव नहीं डालेंगे**

उन्होने कहा कि लोक अदालतों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है। उक्त अधिनियम के तहत, लोक अदालतों द्वारा किए गए निर्णय निर्णय को एक सिविल कोर्ट का एक डिक्री माना जाता है और अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है और इस तरह के एक पुरस्कार के खिलाफ कोई अपील किसी भी अदालत में नहीं होती है। यदि लोक अदालत के अधिनिर्णय से पक्षकार संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि इस प्रकार के अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं है।

उनका कहना था कि लोक अदालत में मामला दायर करने पर कोई न्यायालय शुल्क देय नहीं है। यदि न्यायालय में लंबित कोई मामला लोक अदालत में भेजा जाता है और बाद में निपटारा हो जाता है, तो शिकायतोंध्याचिकाओं पर मूल रूप से अदालत में भुगतान किया गया शुल्क भी पक्षकारों को वापस कर दिया जाता है। लोक अदालतों में वादों का निर्णय करने वाले व्यक्तियों को लोक अदालतों का सदस्य कहा जाता है, उनकी केवल वैधानिक सुलहकताओं की भूमिका होती है और उनकी कोई न्यायिक भूमिका नहीं होती है। इसलिए वे पक्षकारों को केवल लोक अदालत में न्यायालय के बाहर विवाद को निपटाने के लिए किसी निष्कर्ष पर आने के लिए राजी कर सकते हैं और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मामलों या मामलों को समझौता करने या निपटाने के लिए किसी भी पक्ष पर दबाव या दबाव नहीं डालेंगे।

## स्कूल जाने को कहने से नाराज छात्र ने नहर में कूदकर दी जान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कर्ण** विहार में 7वीं कक्षा के नाबालिग छात्र ने नहर में कूदकर जान दे दी। नाबालिग दो बहनों का इकलौता भाई था। गुरूवार सुबह बच्चे की उसकी मां के साथ स्कूल जाने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद घर से साईकिल उठाकर सीधे यमुना नहर पर गया और साइकिल खड़ी करके स्कूल की वर्दी में ही नहर में छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक नाबालिग के चाचा के लडके अमरजीत ने बताया कि कर्ण विहार निवासी 13 वर्षीय अरमान एक निजी



स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ता था। आज सुबह अरमान को उसकी मां ने स्कूल में जाने के लिए कहा। इस बात पर वह नाराज हो गया और स्कूल की वर्दी पहनकर साइकिल पर सीधे गांव शेखपुरा के पास यमुना नहर पर चला गया और वहीं पर नहर में छलांग लगा दी।

जब अरमान ने नहर में छलांग लगाई तो वहां से एक निजी स्कूल की बस गुजर रही थी। बस के ड्राइवर ने अरमान को नहर मे छलांग लगाते हुए देखा और उसे बचाने की भी कोशिश की। लेकिन देखते ही देखते अरमान नहर के पानी में गायब हो गया।

## जेल में प्रतिबंधित मादक पदार्थ सप्लाई करने वाला अरेस्ट

### 67 ग्राम सुल्फा और 21 ग्राम नशीली दवाइयों का पाउडर बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** ने जेल में प्रतिबंधित मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 67 ग्राम सुल्फा और 21 ग्राम नशीली दवाइयों का पाउडर बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुससार जिला जेल पर वेस्ट रोटी उठाने वाला ड्राइवर जाता है। वह गाड़ी में प्रतिबंधित मादक पदार्थों को छुपाकर अपने साथ लाता है। जब आरोपी अपनी गाड़ी को लेकर वेस्ट रोटी उठाने के लिए गेट पर आया तो विश्वसनीय सूचना के आधार पर क्यूआरटी टीम में



तैनात वॉर्डर द्वारा गाड़ी की गहनता से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से कुछ पैकेट बरामद किए गए, जिनको खोलने पर उसमें नशीली गोलियों का पाउडर और सुल्फा मिला।

इस संबंध में जेल उप अधीक्षक साक्षी भारद्वाज द्वारा सूचना थाना रामनगर में दी गई। एएसआई मोहनलाल थाना रामनगर की अध्यक्षता में टीम द्वारा आरोपी अर्जुन पुत्र हरिचंद निवासी मॉडल टाउन अंबाला को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी प्रतिदिन जेल से वेस्ट रोटी को उठाने के लिए आता था। तभी एक दिन आरोपी की मुलाकात जेल के अंदर एक अनजान कैदी से होती है। जो आरोपी को बाहर के किसी अनजान व्यक्ति से नशीला पदार्थ जेल के अंदर लाने के लिए कहता है। उसके कहने पर आरोपी उस अनजान व्यक्ति से नशीला पदार्थ लेकर आया और जेल के गेट पर चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जिस व्यक्ति से आरोपी अर्जुन सुल्फा और नशीली दवाइयों का पाउडर लेकर आया था और जिसको देनी थी, उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## कर्ण स्टेडियम में हुआ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उप सिविल** सर्जन (टीबी) कम नोडल ऑफिसर (एचआईवी एड्स) की अध्यक्षता में स्थानीय कर्ण स्टेडियम में मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कोच सुरेश कुमार व राशि कुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला करनाल के कॉलेज के लडके तथा लड़कियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 400 मीटर के ट्रैक पर लडकों के 3 राउंड्स व लड़कियों के दो राउंड्स किए गए जिसमें लडकों की टीम में गवर्नमेंट कॉलेज घरौंडा से लव प्रथम स्थान पर, गौरव शर्मा दूसरे स्थान पर व ओमबीर ने तीसरा



स्थान हासिल किया। लड़कियों की टीम में राजकीय कन्या महाविद्यालय घरौंडा की अनु प्रथम स्थान पर, केवीए डीएवी कॉलेज फॉर वुमन करनाल की मोनू द्वितीय स्थान पर तथा राजकीय महिला कॉलेज की सलोनी तृतीय स्थान पर पर रही। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि उनके बैंक खाते में देकर सम्मानित किया गया तथा सिलेक्शन कमेटी के दो सदस्यों को 500 रुपए प्रति सदस्य सम्मान स्वरूप दिए गए।

## घुमंतु जाति के व्यक्तियों के लिए आयोजित किया गया शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कल्याण** अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि विमुक्त घुमंतु जाति के व्यक्तियों के लिए वीरवार को गांव काछवा के ग्राम सचिवालय में कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में शिक्षा विभाग, जिला चुनाव कार्यालय, जिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास, परिवार पहचान पत्र, डीएम सीएससी, क्रिड विभाग ने अपने विभागों की योजनाओं की कैम्प में उपस्थित व्यक्तियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंप में करीब 300 पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये गये।

## बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोज कामरा और उनकी टीम को किया सम्मानित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा संचालित योग कक्षाओं के अंतर्गत तरावड़ी कक्षा में विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। इस मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने वहां पहुंचकर साधकों को विभिन्न प्रकार के आसनों, योग क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने उन्होंने कक्षा के शिक्षक मनोज कामरा के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामनाएं दी और तरावड़ी में बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोज कामरा और उनकी टीम को सम्मानित किया।

दिनेश गुलाटी ने सूर्य नमस्कार और बैठकर किए जाने वाले आसन, जिनसे रीढ की हड्डी को मजबूती और लचीलापन मिल सके, करवाए। योग साधकों को प्राणायाम की विधि और लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हम अपने शरीर को डिटॉक्स कैसे कर सकते हैं। इसके लिए अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाना आवश्यक है। खानपान की आदतों को सुधारें।

जीवन में योग प्राणायाम को अपनाएं। इसके द्वारा हम श्वसन संबंधी हर समस्या को दूर कर सकते हैं और लंबी उम्र तक स्वस्थ रह सकते हैं।

उन्होने कहा कि शरीर को डिटॉक्स करने से अंदरूनी अंग स्वस्थ होते हैं और शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं। योग प्राणायाम इसमें मदद करता है। अनुलोम विलोम श्वास संबंधी सभी रोगों को दूर करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। कक्षा में मिशन से कर्मठ साथी अनुज जैन एवम तरावड़ी योग कक्षा के योग शिक्षक मनोज कामरा योग साधक विपिन छाबड़ा, अजय पसरिचा, बलबीर सिंह, नरेश अनेजा, तरुण बंसल, रंजीत फौजी, विनोद कामरा, अंजली कामरा, नीलम भारद्वाज, संगीता वाधवा, सुनीता चावला, कृष्णा क्वात्रा, डिंपल चावला, दर्शना तनेजा, पूजा शर्मा, नीतू गीता, सरोज अनेजा, सुनीता मेहता, विनीता सिंगला, अंजलि कामरा, संगीता कामरा, रेखा सरदाना, पिंकी, साक्षी बिंदर, स्वाति, गीतू, रीना, सीमा, अनीता बेबी अंजू, दीपिका, नेहा, शिल्पा, पूजा, हरजोत दीवानरा, हंसराज कालरा, हरदेवी भाटिया, विनय वाधवा और ओम तनेजा मौजूद रहे।

## अनाज मंडी में ओवरलोड धान के ट्रक को लेकर हुआ हंगामा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा घरौंडा** की अनाज मंडी में ओवरलोड ट्रक को लेकर आढ़ती व ट्रक यूनियन के लोग आमने-सामने हो गए। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस व आरटीओ की टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। इस दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई। बाद में सामने आया कि लेबर ने ट्रक में गलती से 92 बोरियों की जगह 192 बोरियां लाद दी थी। इसके बाद गाड़ी से एक्स्ट्रा बोरियां उतार ली गई। मंडी प्रधान विनोद जैन ने बताया कि कैथल में जीरी भेजने के लिए बुधवार रात करीब 12



लिए एक गाड़ी मंगवाई गई थी। साधु राम संजय कुमार से माल लोड होना था। आढ़ती की डिमांड पर गाड़ी मंडी में आ गई थी। लेबर को बोला गया था कि सिर्फ 92 बोरियां ही गाड़ी में लोड करनी हैं, लेकिन उन्होंने 192 बोरी लाद दी। इसके बाद ट्रक यूनियन के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई।

ट्रक चालक शमशेर सिंह संधू ने बताया कि आढ़ती द्वारा पहले उसकी गाड़ी को 50 रुपए में बुक किया था। बुधवार को दिन में ही गाड़ी मंडी में मैंने खड़ी कर दी। लेकिन रात को आढ़ती ने बाहर से गाड़ी मंगवाकर 45 रुपए के हिसाब से लोड करवा दिया, लेकिन इस गाड़ी में क्षमता से अधिक 100 बोरियां लाद दी गई हैं। जब हमने ओवरलोड का विरोध किया तो उन्होंने हमारे साथ हाथापाई की।

सूचना मिलते ही घरौंडा थाने से पुलिस व आरटीओ विभाग के अधिकारी रात को ही मंडी में पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने मामले को शांत करवाया।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य दंडाधिकारी** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में 4 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया, जिसमें 3 केसों में 2 को अंडरगोन किया गया। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है।

## शहीद मदन लाल ढींगरा एक शेर दिल राष्ट्रीय नायक थे: पंकज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अमर शहीद** मदनलाल ढींगड़ा की पुण्यतिथि सेक्टर-12 स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके मनाई गई। इस अवसर पर करनाल युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज गाबा व पराग गाबा ने बताया कि शहीद मदन लाल ढींगड़ा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अप्रतिम क्रांतिकारी थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता की चिंगारी को अग्नि में बदलने का श्रेय महान शहीद मदन लाल ढींगड़ा को जाता है। शहीद मदन लाल ढींगड़ा इंगलैंड में अपनी पढ़ाई कर रहे थे, जहां उन्होंने विलियम हर्ट कर्जन वायली नामक एक ब्रिटिश अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कर्जन वायली की हत्या के जुर्म में उन्हें 17 अगस्त 1909 को फांसी दे



दी गई थी। जब उन्हें फांसी दी गई तो उनकी उम्र मात्र 23 वर्ष ही थी। उन्होंने अदालत में कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर रहा हूं।

गाबा ने कहा कि ढींगड़ा की बलिदानी को भुलाया नहीं जा सकता। मदन लाल शादीशुदा थे और उनका एक बेटा भी था। मदन लाल के पिता अमृतसर के सीएमओ थे। वह चाहते तो ऐशो-आराम की जिंदगी जी सकते थे, लेकिन उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए शहीद होना चुना। अपने अंतिम दिनों में ढींगरा की इच्छा थी कि उनके कपड़े, किताबें और अन्य सामान बेच दिया जाए और इससे जुटाया गया धन राष्ट्रीय कोष में दे दिया जाए।

अमर शहीद मदन लाल ढींगरा के शब्द थे, धन और बुद्धि से हीन मेरे पास सिर्फ मेरा रक्त और जीवन है। उसे मैं भारतमाता की पवित्र बेदी पर समर्पित कर रहा हूँ। मौजूदा समय में केवल और केवल देश के लिए मरना सीखना है और खुद मरकर दूसरों को मरना सिखाना है। ईश्वर से बस यही प्रार्थना है। फिर उसी माँ की कोख से जन्म लूं। फिर उसी महान उद्देश्य के लिए जान दूँ।

तब तक, जब तक देश आजाद न हो जाये। इस मौके पर उनके साथ बिट्टू संधू, हरीश हंस, राकेश कक्कड़, सोनू शर्मा, त्रिलोक दुहन, अनुज शर्मा, पंकज कौशिक, दीपक शर्मा, मुकेश, अमित मेहता, कुलबीर विर्क, सुमित राणा, संदीप कुमार, पीयूष शर्मा, अमित कुमार, नितिन कुमार, राजू, जगदीप मट्टू समेत अन्य युवा मौजूद रहे।

## संपादकीय

# चीन को कूटनीतिक तरीके से सबक सिखाना होगा!

**भारत** और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक वसुधैव कुटुम्बकम पर आपत्ति जताई है। हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। लेकिन भारत और चीन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। भारत के नेतृत्व में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के बाद से ही चीन की तल्खी तेज हो रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच विवाद का प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है। यह सीमा तीन सेक्टरों में बंटी हुई है। इनमें पूर्वी सेक्टर, पश्चिमी सेक्टर और मध्य सेक्टर शामिल हैं। भारत के पांच राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश, चीन के साथ सीमा लगी हुई है। चीन पश्चिमी सेक्टर में जम्मू-कश्मीर, शिनजियांग और अक्साई चिन की सीमा वाला इलाके को विवादित कहता रहा है। सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच समय-समय पर झड़पें होती रही हैं। चीन अपनी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के चलते लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का उल्लंघन करते हुए भारत की सीमा में प्रायः घुसपैठ करता रहा है। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की थी। हालांकि भारत के जांबाज सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। लेकिन यह बात सच है कि चीन तवांग, डोकलाम, गलवान अथवा लद्दाख में अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। उसे जैसे ही मौका मिलता है, घुसपैठ की हरकत शुरू कर देता है। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं। आज अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है।

# लालकिले से उभरी विकसित भारत की तस्वीर



रोहित माहेश्वरी

"स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया"

**आजादी** के शुभदिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री के उद्बोधन का विरोधी दल भले ही कटु आलोचना करें। लेकिन एक आम भारतीय की नजर से देखें तो उसे प्रधानमंत्री के भाषण में एक विकसित भारत साफ तौर पर दिखाई देता है। और इसकी ठोस वजह है प्रधानमंत्री मोदी के पिछले नौ साल की उपलब्धियां और उनकी कार्यप्रणाली। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में दिन-रात जुटे हुए हैं। ऐसे में आम भारतवासी उनके शब्दों और वायदों पर पूरा भरोसा करता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य तय किए और उनकी घोषणा की। एक, आजादी के 100 साल बाद 2047 में भारत विकसित राष्ट्र होगा। दूसरा, आगामी 5 साल में जो फैसले लिए जाएंगे और काम किए जाएंगे, उनका असर 1000 साल तक रहेगा। लक्ष्यों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश की जनता से मदद मांगी और आशीर्वाद चाहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकास का रोडमैप भी बताया और ये भी कि अर्थव्यवस्था का तेज विकास किस तरह होगा। उन्होंने ने किसान से लेकर गरीब तक, महिलाओं से लेकर मणिपुर हिंसा तक, समय से पहले नए संसद भवन के निर्माण का भी उल्लेख किया और कहा कि ये नया भारत है। ये संकल्पों से भरा भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक शक्ति बढ़ी है तो हमारी सामरिक शक्ति को भी नई ताकत मिली है। उन्होंने सेना को युद्ध योग्य बनाने के लिए निरंतर रिफॉर्म का उल्लेख किया और बम धमाके की घटनाओं का जिक्र भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीरियल बम धमाके का जमाना बीती बात हो गई है। आतंकी घटनाओं में कमी आई है, परिवर्तन का वातावरण बना है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना लेकर चलने की बात कही और ये भी कहा कि हमें राष्ट्रीय चरित्र के लिए और बल देते हुए आगे बढ़ना होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक निर्णायक मोड़ पर है और इसमें कोविड महामारी के बाद उभर रही नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ताकत है। उन्होंने देशवासियों को अगले पांच वर्षों में उज्ज्वल भविष्य के साथ नए भारत का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद देश और दुनिया में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री के संबोधनों में राजनीतिक संदेश भी छिपे रहते हैं। हो सकता है कि इस बार के संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा में कोई संकेत छिपा हो। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने पंच प्रण की घोषणा की थी। उन्होंने देशवासयिों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, आपसी मानसिकता के किसी भी संकेत को समाप्त करने, भारत की धरोहर पर गर्व करने, एकता की शक्ति को मजबूत करने और ईमानदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों को पूरा करने की अपील की थी।

2014 में लाल किले की प्राचीर से पहले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उन्होंने स्वच्छ भारत और जन धन खातों जैसे कई नए कार्यक्रमों की घोषणा की। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 2018 में मोदी ने गरीबों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत शुरू की थी।

स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया, उसने वास्तव में अमृत काल में अग्रणी वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय के लिए सही पृष्ठभूमि तैयार की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत ने निश्चित रूप से समानता के साथ स्वच्छ ऊर्जा, वैश्विक शांति और समृद्धि जैसे कई परिवर्तनकारी क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व करने की पहल की है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवार-आधारित पार्टियों और तुष्टीकरण को भारत की राजनीतिक व्यवस्था, शासन और विकास को प्रभावित करने वाली तीन बुराइयां बताईं। उन्होंने भ्रष्टाचार जैसा मजबूत और वैध मुद्दा उठाया। यह असल में ऐसा कैंसर है जिसने हमारे राजनीतिक प्रतिष्ठान को खोखला किया है और शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। हमारी तरक्की को भी प्रभावित किया है। यह भी सच है कि केंद्र सरकार में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार कम हुआ है। इसका श्रेय मोदी को जाता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार व्यवस्था की जड़ों में मट्ठे का काम करता है और मजबूत से मजबूत इमारत को भी हिलाकर रख देता है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी तो देश के विकास को पंख लगना तय है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले नौ सालों में कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। सभी भारतीयों को इन उपलब्धियों पर गर्व महसूस करना चाहिए चंद्रयान, भारत में डिजिटल क्रांति, भारत की एनर्जी बास्केट में अक्षय ऊर्जा का तेजी से विस्तार, भारत के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, बैंकिंग क्षेत्र को समावेशी बनाना, जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व में विकास, महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान, वगैरह. इसमें कोई शक नहीं है कि इसका श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। तस्वीर साफ है कि जीवन के हर क्षेत्र में देष तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से घोषणा की है कि वह 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाएंगे और ग्रामीण स्व सहायता समूहों को ताकतवर बनाएंगे। यह तो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियाद है, जिसे अभी बनाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना की भी घोषणा की है। जो शिल्पकार, मिस्त्री, स्वर्णकार आदि हाथ और औजार से काम करते हैं, उनकी मदद इस योजना के तहत की जाएगी। बेशक 2047 का लक्ष्य भी सपनीला लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल निम्न मध्यम आय वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है। विकसित राष्ट्र बनने के मायने ये हैं कि प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को आर्थिक अवसर जरूर मिलने चाहिए। यकीनन हमारी 30 साल की उम्र से कम वाली आबादी विश्व में सर्वाधिक है। वह हमारी ताकत भी है। वह ताकत विकसित अर्थव्यवस्था तब पैदा कर सकती है, जब बेरोजगारी के मुद्दे को गंभीरता से संबोधित किया जाए। भारत में बेरोजगारी एक चिंतित सरोकार है और इसकी राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी है। रोजगार के मोर्चे पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत लंबे समय से महसूस होती है।

विपक्ष की आलोचना और निंदा के बावजूद प्रधानमंत्री का लाल किले से बोला गया एक-एक शब्द करोड़ों देशवासियों के भीतर एक नयी ऊर्जा, उमंग और तरंग का संचार करता है। और अगर देशवासी विकास की दिशा में सरकार का सहयोग दें और सही दिशा में कदम बढ़ा दें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। और देश के वर्तमान वातावरण से ऐसा आभास होता है कि देश ने आगे बढ़ने का संकल्प मन ही मन ले लिया है और देशवासी उस दिशा में पूरी मजबूती से आगे बढ़ चुके हैं।



## कविता

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब
देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
महबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

जकी तारिक

## सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है हरियाली तीज

प्रियंका सौरभ

**हरियाली** तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड? वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं।

## विचार

# लालकिले की प्राचीर से लोकसभा चुनावों का शंखनाद

मृत्युंजय दीक्षित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लाल किले की प्राचीर से से देश को लगातार दसवीं बार संबोधित किया।इस अवसर का लाभ उठाते हुए जहां उन्होंने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं वहीं अपनी गारंटी देते हुए यह भविष्यवाणी भी कर दी कि 2024 की 15 अगस्त को देश की उपलब्धियां बताने के लिए वो ही फिर से आएंगे। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व ही यह भविष्यवाणी कर दी कि अगली बार मैं ही देश की उपलब्धियां बताने के लिए आऊंगा। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री के इस दावे से भाजपा विरोधी ताकतों को सिर दर्द होने लगा और उनकी हताशा भरी प्रतिक्रियाएं आनी प्रारंभ हो गयीं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के आरम्भ में ही मणिपुर की हिंसा सहित हिमांचल और उत्तराखंड आदि राज्यों में बाढ़ के हालात का उल्लेख किया। अपनी सरकार के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और साथ ही अगले 25 वर्षों की योजना भी बता दी। प्रधानमंत्री जी ने गारंटी के साथ अपने अगले कार्यकाल में भारत को विश्व तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवथा बनाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय बहुत ही महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक है क्योंकि इस समय जो भी निर्णय लिए जाएंगे उनका असर आगामी 1000 वर्षों तक दिखाई पड़ेगा। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के रोडमैप वाला ये उद्बोधन उत्साहवर्धक और प्रभावी रहा । प्रधानमंत्री लाल किले से एक बार फिर यह स्थापित करने में सफल रहे कि आज देश में जो सरकार है वह सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए समिर्पत है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ते हुए वर्तमान भारत के उदय का वर्णन किया। उन्होंने भारत के आर्थिक पुनरुत्थान ने समग्र वैश्विक स्थिरता और रेजिलिएंट सप्लाई चेन के रूप में जो काम किया है उसका भी उल्लेख किया। उन्होंने अपने विगत 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गये सुधारों और पहलों की भी चर्चा की । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जो उत्तर दिया लालकिले का यह संबोधन उसी का विस्तार था। इस संबोधन से प्रधानमंत्री आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व विरोधी दलों द्वारा बनाये जा रहे महागठबंधन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने पर सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि भारत के अमृतकाल के कालखंड में हम जितना त्याग करेंगे तपस्या करेंगे आने वाले एक हजार साल का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। उनका कहना था कि आज मां भारती जागृत हो चुकी हैं और विश्व भर में भारत के प्रति एक नई आशा, नया विश्वास पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में नौजवानों के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है आप जितने अवसर चाहेंगे ये देश आसमान से भी ज्यादा अवसर देने का सामर्थ्य रखता है। देश के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आप ही का परिश्रम है कि आज देश कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति को संबोधित करते हुए ह्ववीमन लेड डेवलपमेंटह्व का अपना संकल दोहराया और कहा कि उनका सपना गांवों में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। उन्होंने गांवों में काम कर रही महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की भी बात कही। देशवासियों को गारंटी देते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा करी कि वह अगले 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। देशभर में 25 हजार जनऔषधि केंद्र खोलने तथा आगामी 17 सितंबर को 13 से 15 हजार करोड़ की नई विश्वकर्मा योजना के आरम्भ की घोषणा भी प्रधानमंत्री ने लालकिले से की। प्रधानमंत्री ने कहा हम जिन भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हैं, उनका लोकार्पण भी हम ही करते हैं। आजकल मैं जिन परियोजनाओं का शिलान्यास कर कर रहा हूँ उनका लोकार्पण भी आपने मेरे ही नसीब में छोड़ा हुआ है। महंगाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद यूक्रेन युद्ध ने नई मुसीबत पैदा की है आज पूरी दुनिया महंगाई के संकट से जूझ रही है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## कैरियर

# जनसंपर्क अधिकारी कैसे बनें

विजय गर्ग

**जनसंपर्क** अधिकारी जिसे आमतौर पर पीआरओ के नाम से जाना जाता है, हर संगठन में एक आम शब्द बन गया है चाहे वह वाणिज्यिक या गैर-व्यावसायिक, सरकारी या निजी औपचारिक या अनौपचारिक हो और वह भी अपनी स्थापना के बहुत ही कम समय में। हालाँकि यह विशेष कार्य अनादि काल से किया जा रहा है, अर्थात राजा और महाराजाओं के समय से या उससे भी पहले भगवान राम और भगवान कृष्ण के समय से, जब वे अपने दूतों को अन्य राज्यों में भेजते थे, जैसे अंगद को राम द्वारा रावण के पास भेजा गया था। बिना किसी लड़ाई आदि के सीता को रिहा करके शांति लाना। समय और हर चीज के भौतिकीकरण के साथ, वर्तमान समय के डूटा और पीआरओ की भूमिका काफी हद तक बदल गई है।

पीआरओ प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच स्पष्ट संचार नेटवर्क बनाए रखकर कंपनी में आंतरिक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं। इसका पहला उद्देश्य संचार के चैनलों में सुधार करना और सूचना और समझ के दो-तरफा प्रवाह को स्थापित करने के नए तरीके स्थापित करना है। एक करियर विकल्प के रूप में जनसंपर्क तब अस्तित्व में आया जब बहुत सी निजी या सरकारी कंपनियों और संस्थानों को अपने उत्पाद, सेवा और सुविधाओं के विपणन की आवश्यकता महसूस हुई। कड़ी प्रतिस्पर्धा और बेचने के लिए समान उत्पादों और सेवाओं के समय में, यह सार्वजनिक छवि है जो सभी संगठनों और प्रमुख हस्तियों के लिए महत्वपूर्ण हो गई है। जनसंपर्क विशेषज्ञ की भूमिका संकट की स्थितियों में प्रासंगिक हो जाती है जब सूचना का सही और समय पर प्रसारण संगठन का चेहरा बचाने में मदद कर सकता है।

कैरियर के अवसरों के संदर्भ में, उत्पाद प्रचार, कॉर्पोरेट प्रचार, सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाने, समाचार पत्र, बुलेटिन, कर्मचारियों के लिए पत्रिकाएं आदि जैसे कॉर्पोरेट प्रकाशन प्रकाशित करने के लिए जनसंपर्क का व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है। अपने कर्तव्यों का अत्यंत कुशलता से निर्वहन करने के लिए एक पीआरओ को जनता को दी जाने वाली वर्तमान जानकारी से अपडेट रहना चाहिए।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का विशेष ध्यान

सुनील कुमार महला

**आज** की शिक्षा पहले के जमाने की भांति टीचर्स सेंटर्ड नहीं है। आज की शिक्षा स्टूडेंट सेंटर्ड है। यानी कि स्टूडेंट आज की शिक्षा में सर्वोपरि है। पहले शिक्षा में टीचर्स सर्वोपरि हुआ करते थे। जैसा टीचर चाहते थे वैसा होता था लेकिन आज जैसा स्टूडेंट चाहते हैं वैसा शिक्षा में होता है। मतलब यह कि आज बच्चों को शिक्षा में अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की मनोविज्ञान के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था की जाती है। इसका उद्देश्य अधिगम, जिसे लर्निंग या सीखना भी कहा जाता है, संबंधी विभिन्न कठिनाइयों को दूर करना है। इसमें सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में बालक( स्टूडेंट या शिक्षार्थी )होता है। बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यता के विकास पर अध्ययन किया जाता है।आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अनुसार शिक्षक बच्चे के सवार्गीण विकास का प्रयास करते हैं, लेकिन प्राचीन समय में बच्चे के मस्तिष्क में जानकारी या ज्ञान को भरा जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो अध्यापक केंद्रित कक्षा में शिक्षक निर्देश देते हैं और बच्चे सुनते हैं। बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे शिक्षक की आज्ञा का पालन करेंगे और अनुशासन में रहेंगे। बहरहाल, आज की बाल केंद्रित शिक्षा के बीच ही दिल्ली के एक स्कूल का मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। जानकारी देना चाहूंगा कि दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह एक छात्र की बुरी तरह पिटाई कर दी। क्या एक शिक्षक को मात्र इसलिए एक बच्चे की जमकर पिटाई कर देनी चाहिए कि वह स्कूल में किताबें नहीं ला पाया ? क्या शिक्षक का यह कर्तव्य नहीं बनता था कि वह बच्चे को इसके बारे में समझाते ? यह बहुत ही अफसोसनाक है कि शिक्षक ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा। आज की शिक्षा बाल केंद्रित शिक्षा है और बाल केंद्रित शिक्षा बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देती है। सरकार और माननीय अदालतों द्वारा समय समय पर इस संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी करने के बाद में भी हमारे समाज में ऐसा हो रहा है, तो वाकई यह बहुत ही दुखद और अफसोसनाक है। क्या शिक्षकों को बच्चों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ नहीं पेश आना चाहिए?

## न्यूज फ्लैश

### पर्यटकों के लिए जारी होगा हेल्पलाइन नम्बर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। जिलाधिकारी पुलकित खरे के निर्देश पर जनपद मथुरा में आने वाले सभी श्रद्धालु एवं पर्यटकों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नम्बर तथा उसके संचालन हेतु पर्यटक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया। विगत तीन माह के प्रयासों से बीएसएनएल के माध्यम से पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर 18601801508 प्राप्त हो गया है। इसके संचालन हेतु पर्यटक कन्ट्रोल रूम को स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत संचालित आईटीएमएस कक्ष के साथ संचालित किया जायेगा। इस कन्ट्रोल रूम में 24 घंटे शिफ्टवार पुलिस, पर्यटन, नगर निगम, राजस्व, रोडवेज तथा रेलवे के कर्मचारी बैठना सुनिश्चित करेंगे। इस पर्यटक कन्ट्रोल रूम के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त स्तर के अधिकारी को नामित किया जायेगा। पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर पर आने वाली कॉल्स, सुझाव तथा समस्याओं को एक रजिस्टर में नोट कर उनका तत्काल निस्तारण संबंधित विभाग से कराते हुए पर्यटक को सूचित कराया जायेगा। श्री खरे ने निर्देश दिये हैं कि जनपद के प्रमुख चैराहा एवं पर्यटक स्थलों पर ग्लो शाइन बोर्ड के माध्यम से मथुरा पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर 18601801508 का अंकन मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराया जाये। हेल्पलाइन नम्बर का पायलट ट्रायल एक सितम्बर को जन्माष्टमी से पूर्व होगा।

### शराब माफिया पर सख्ती, 15 दिन चलेगा अभियान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी पुलकित खरे ने विशेष प्रवर्तन अभियान की चेकिंग के लिए निम्नलिखित टीम गठित की गई। उन्होंने अवगत कराया है कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत 20 अगस्त से पांच सितम्बर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर मजिस्टेज्ट, सभी उप जिला मजिस्टेज्ट तथा क्षेत्राधिकारी पुलिस द्वारा निरंतर चेकिंग की जायेगी और अभियान के अंतर्गत कार्यवाही करेगी। डीएम ने निर्देश दिये हैं कि अन्य प्रान्तों से लगी जनपद मथुरा की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये एवं नियमित रूप से रोड़ चैकिंग करायी जाये, जिससे किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न हो। जिलाधिकारी ने उक्त अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान किसी भी कार्मिक द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ा जायेगा। ऐसी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### बलिया में परिषदीय विद्यालय के छात्रों को शिक्षकों ने बेरहमी से पीटा, आरोपित शिक्षक सस्पेंड

**बलिया/टीम एक्शन इंडिया**

शिक्षा क्षेत्र मनियर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में बुधवार को अध्यापकों द्वारा छात्रों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो के सामने आते ही बीएसए मनीष कुमार सिंह ने प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है।

आरोप है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में पढ़ने वाले कक्षा सात के छात्र अर्जुन राजभर (13) पुत्र शिवजी राजभर व अमरजीत राजभर (12) पुत्र टुनटुन राजभर को प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीभगवान राम, सहायक अध्यापक वीरेन्द्र कुमार तथा अनुदेशक संतोष कुमार ने बुधवार की सुबह बेरहमी से पीटा। तीनों बच्चे गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन शिक्षक पीटते रहे। बीच-बचाव करने आई एक महिला शिक्षक को भी शिक्षकों ने अपशब्द की बौछार कर खदेड़ दिया। शिक्षकों की पिटाई से चीखते-चिल्लाते बच्चों की आवाज सुन आस-पास के लोग जुट गये। छात्र को शिक्षक द्वारा बेरहमी से पीटे जाने की निन्दा करते हुए लोगों ने विरोध करना शुरू किया, तब तक बच्चों के परिजन और ग्रामीण पहुंच गये। ग्रामीणों का तेवर देख शिक्षक एक कमरे में कैद हो गये और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस किसी तरह से बीच बचाव व कारवाई का भरोसा देकर दो शिक्षकों को रूम से बाहर निकालकर थाने ले गयी। वहीं, सूचना पर पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने कुछ शिक्षकों और ग्रामीणों का बयान दर्ज करने के साथ ही दोनों शिक्षकों व अनुदेशक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनियर की संस्तुति पर बीएसए मनीष कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीभगवान राम व सहायक अध्यापक वीरेन्द्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

# 27 लाख रुपये के खराब मसाले पकडे, फैक्ट्री सीज

## -खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्यवाही, लोग बोले खिला रहे जहर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही करते हुए मसाला फैक्ट्री को सीज किया है। यहां हुई छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 27 लाख रुपये कीमत के खराब गुणवत्ता के मसाले पकडे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खादय एवं पेय पदार्थ के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आए डॉक्टर गौरी शंकर के नेतृत्व में कोसी कोटवन क्षेत्र में एनएच दो पर स्थित एक मसाला फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा छापा मारा गया। फैक्ट्री में खाद्य मसाले की पिसाई एवं पैकिंग नियमों को ताक पर रखकर की जा रही थी वहीं पर चाय की पत्ती की पैकिंग करते हुए कारीगर पाएंगे संबंधित कारोबारी से उक्त फैक्ट्री संचालन हेतु लाइसेंस मांगने पर लाइसेंस नहीं दिखा सके। निरीक्षण के उपरांत मसालो में गंभीर मिलावट को देखते हुए पिसी हुई, हल्दी साबुत हल्दी, धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर खुला तथा मिर्च पाउडर पैक्ड, खुली चाय तथा पैक्ड चाय के सात सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए। फैक्ट्री में मसालों एवं चाय की खराब गुणवत्ता को देखते हुए यह मसाले आमजन की किचन तक न पहुंचे के दृष्टिगत लगभग सावुत हल्दी 1200 किलो, पिसी हल्दी 1250 किलो, पैक्ड हल्दी 350 किलो, लाल मिर्च खुली एवं पैक्ड 2800 किलो, धनिया पिसा एवं सावुत 1600 किलो, चाय पत्ती 4800 किलो आदि सभी की लगभग कीमत 27 लाख रुपये हैं को सीज करते हुए फैक्ट्री को बंद करा दिया गया।

एनएच दो पर स्थित वरुण बेवरेज कोल्ड ड्रिंक प्लांट का निरीक्षण करते हुए प्लांट में स्थित कैंटीन से बेसन, तैयार सब्जी तथा खाद्य तेल एवं सॉफ्ट ड्रिंक बनाने में प्रयुक्त होने वाली शुगर तथा तैयार एनर्जी ड्रिंक के पांच सैंपल संग्रहित किये गये।

## वृन्दावन में काशी विश्वनाथ की तरह कॉरिडोर बनेः बागेश्वर



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ठा. श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने देवकीनंदन महाराज के साथ शिव अभिषेक कर पार्थिव शिवलिंगों की आरती उतारी। उन्होंने कहा वृन्दावन में काशी विश्वनाथ की तरह कॉरिडोर निर्माण की जरूरत है। देवकीनंदन महाराज के साथ आगरा जामा मस्जिद सीढ़ियों से केशवदेव विग्रह को वापस लाने का संकल्प भी लिया । प्रियाकान्त जु मंदिर पर चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग महोत्सव के 30वें दिन बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पूजन किया। श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुये धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि अब समय भागने का नहीं जागने का है। सब एकत्रित होकर जाग जाओ और भारत को महान राष्ट्र बनाओ। सभी सनातनियों को अपने सनातन चिन्ह धारण करने चाहिये।

## श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भगवान श्री कृष्ण की लीला स्थली ,कर्म स्थली तथा योगास्थली श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल के प्रांगण में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट, एनएसएस वॉलिंटियर्स की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा देश के अमर वीर शहीदों के चित्रपट पर पुष्पार्चन के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कमल कौशिक द्वारा किया गया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य डॉ. कमल कौशिक ने ध्वजारोहण किया जिसमें सहयोग लेफ्टिनेंट पवन कुमार तथा बृजेश भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। विद्यालय के होनहार एनसीसी कैडेट अंकित कुंतल ने प्री टी एस सी कैंप मेरठ में 11 ग्रुप में से पर्सनल बाधा, ग्रुप बाधा तथा 200 मीटर दौड़ में तीन तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार खुशी से झूम उठा।

## करंट की चपेट में आने से आढ़तिया की मौत

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**

खुटहन थाना अंतर्गत सब्जी मंडी में आढ़त की दुकान चलाने वाले व्यक्ति की बुधवार की सुबह दुकान पर लगे फरार्टा पंखा में उतरे करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिलकिछा दौलतपुर गांव निवासी 50 वर्षीय ओमप्रकाश गुप्ता सब्जी मंडी में अपनी दुकान चलाते थे। बुधवार को गर्मी अधिक होने के कारण वे दुकान में रखा फरार्टा पंखा चालू कर उसे हाथ में पकड़ बाहर लाने लगे। अचानक वे बेहोश होकर गिर गये। पंखा उनके ऊपर आ गिरा। अगल बगल के दुकानदार भाग कर आए। बोर्ड से बटन बंद कर उन्हें तत्काल सीएचसी ले गए। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## हरियाली तीज को लेकर तैयार की रणनीति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



नगर आयुक्त अनुनय झा ने हरियाली तीज की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की। नगर निगम कार्यालय में सभी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने महानगर के गिरासू भवनों के सम्बन्ध में मंथन किया। बैठक में हरियाली तीज के दृष्टिगत वृन्दावन नगर में मंदिरों, मुख्य मार्गों, तिराहे चैराहों के साथ साथ वृन्दावन परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वृन्दावन नगर में कन्ही भी लीकेज व जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रकाश विभाग को निर्देशित किया गया कि मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखें, कन्ही स्ट्रीट लाइट बन्द न पायी जाये। निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग की की जाए एवं पैच मरम्मत कराया जाये। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भ्रमणशील रहे। गिरासू भवन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत गिरासू एवं क्षतिग्रस्त भवनों का सर्वे तत्काल कर लिया जाये। सर्वे कर गिरासू क्षतिग्रस्त भवनों को चिन्हित करते हुये नगर निगम अधिनियम में किये गये प्रावधानों के अनुसार नोटिस आदि की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में क्रांति शेखर सिंह अपर नगर आयुक्त (वर्चुयली), अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, मुख्य अभियंता सिविल, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिविल, कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृंदावन हादसाः पांच मौतों के बाद प्रशासन को आई सर्वे की याद

**हादसा**

-हादसे में कई श्रद्धालु हुए थे घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना वृंदावन क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15 अगस्त को सांय लगभग साढे पांच बजे दुसायत मोहल्ले से श्री बांके बिहारी जी मंदिर की तरफ बाग वाला पार्किंग से सटे हुए विष्णु शर्मा के मकान के प्रथम तल के छज्जे की दीवार अचानक सड़क पर गिर गई, जिसमें पांच व्यक्तियों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई तथा चार लोग घायल हो गए।



फोटो परिचय- बांकेबिहारी मंदिर की गली में हुए हादसे में मरे लोग।

जिलाधिकारी ने वृन्दावन में ऐसे जर्जर एवं गिरासू मकानों, भवनों के सम्पूर्ण सर्वे के लिए समिति गठित की है, अपर नगर आयुक्त जिसमें कान्ति शेखर सिंह, रितु सिरोही डिप्टी कलेक्टर, राजकुमार भाष्कर डिप्टी कलेक्टर, प्रसून द्विवेदी विशेष कार्याधिकारी एमवीडीए, एके सिंह मुख्य अभियन्ता नगर निगम मथुरा वृन्दावन एवं मनोज मिश्रा मुख्य अभियन्ता मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण है। समिति वृंदावन के वार्ड संख्या 67 कैमारवन, वार्ड संख्या 69 रतनछतरी व वार्ड संख्या 70 बिहारीपुरा के प्रमुख मार्गों (जो मार्ग नागरिकों, पर्यटकों, श्रद्धालुओं द्वारा प्रमुखता से प्रयोग किए जाते हैं) पर स्थित भवनों (विशेषकर लटकते हुए छज्जों, गली की ओर दीवारों) का टेक्निकल ऑडिट करेगी तथा यह भी देखेगी कि अथॉरिटी के बिल्डिंग बायलॉज, महायोजना, हेरिटेज क्षेत्र के प्रावधानों, सुसंगत नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। प्रथम दृष्टया यदि भवन जर्जर एवं गिरासू पाया जाता है तो तत्काल नगर निगम द्वारा उसमें नियमानुसार कार्यवाही की जाए तथा प्राधिकरण की नियमावली बिल्डिंग तथा बायलॉज का उल्लंघन पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाए। समिति किए गए टेक्निकल ऑडिट की रिपोर्ट जिलाधिकारी को 15 दिनों मे प्रस्तुत करेगी।

## लाखों के आभूषण नगदी चोरी, एक युवक पकडा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

राधा कुंड क्षेत्र में कुंजेरा के नगला रामनगर में बीती रात घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी पर राधाकुंड चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित के अनुसार उनकी बहुओं के पूरे गहने, घरेलू बर्तन, कपड़ा आदि सामान को चोर उड़ा ले गए हैं। जिसकी कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपये है। प्रेम सिंह पुत्र तुलाराम निवासी नगला रामनगर कुंजेरा ने थाने दी तहरीर में कहा है कि उनके परिवार के दो सदस्य घर में और सभी सदस्य छत पर सो रहते थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे चोर दो घर दीवाल फांद कर घर में घुस गए। कमरे में रखी संदूक व अलमारी के ताला तोड़कर एक मंगलसूत्र, दो सोने की लर, दो अंगूठी, दो लॉकेट, पांच चांदी तोड़िया, दो पायजेव, एक कोंदनी, व 30 हजार नगद, बाबू सिंह पुत्र तुलाराम के घर से चार तोड़िया, चार हजार नगद, पीतल के बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए।

इसके बाद चोरों ने तीसरे मकान में चोरी करने का प्रयास किया। यहां देशराज चैधरी के घर को निशाना बनाकर कूदने की फिराख में थे तभी कुत्ता भोंकने पर जगार हो गई। पप्पू पुत्र राम सनेही ने चीख पुकार मचाई और आस पास के घरों से लोग आ गए और चोर का पीछा करते हुए एक चोर को पहचान लिया। जिसको पुलिस पूछताछ को थाने ले आई है।

## रमनलाल शोरावाला में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कृष्णा नगर स्थित रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर प्रदीप अरोरा ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर देश के शहीदों को नमन किया गया।

चक दे इंडिया पर स्कूल के नन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय में मौजूद अभिभावकों ने करतल ध्वनि से बच्चों की सराहना की। विद्यालय के मैनेजर सभी उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्कूल की डयरेक्टर मीना अरोरा ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये। उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार सक्सेना ने सभी अभिभावक और मेहमानों को धन्यवाद दिया।

## केशव प्रसाद मौर्य सपरिवार पहुंचे महावन के रमणरेती

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को महावन स्थित रमणरेती आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने गुरू शरणानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। आश्रम में प्रवेश करते ही आश्रम के मीडिया प्रभारी हरदेवानंद महाराज एवं कार्ष्णि नागेंद्र महाराज ने पटुका पहना कर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया। वहीं राजकीय सम्मान के साथ गार्ड सलामी दी गई। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने गुरु पीठाधीश्वर कार्ष्णि गुरु



शरणानंद महाराज से मिलने उनकी कुटिया में पहुंचे। गुरु को दंडवत प्रणाम कर पूजन करने चले गए। करीब एक घंटे तक उन्होंने अपने गुरु के साथ मंथन किया और आशीर्वाद लेकर लौटे। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर व्यस्तता के कारण नहीं आ पाया था, इसलिए आज आशीर्वाद लेने आया हूँ। इस दौरान महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडेय, एसपी देहात त्रिगुण विशेन, एसडीएम महावन नीलम श्रीवास्तव, सीओ आलोक सिंह, तहसीलदार विवेक शील यादव, गोकुल नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित, रविकांत गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# क□डक्टड टूअरः कम दाम में कर सकेंगे एसी बस से ब्रज के स्थानों के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलियों के भ्रमण एवं दर्शन में सुगमता होगी। कण्डक्टड टूअर के संचालन का शुभारम्भ अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी ने हरी झंडी दिखाकर दो बसों को रवाना किया। कण्डक्टड टुअर स्मार्ट सिटी की बसों के माध्यम से संचालित किया जायेगा। एक टूअर वृन्दावन से प्रारम्भ होकर मथुरा, गोवर्धन एवं गोकुल होते हुए वापस वृन्दावन पर समाप्त होगा। जबकि दूसरा दूअर मथुरा से प्रारम्भ होकर गोवर्धन एवं गोकुल



फोटो परिचय- बस को हरी झंडी दिखा कर योजना का शुभारम्भ करते मंत्री चैधरी लक्ष्मीनरायण।

होते हुए वापस मथुरा पर समाप्त होगा। दोनों बसें वातानुकूलित हैं, इन टूअर्स में यात्रियों को भ्रमण एवं दर्शन हेतु पर्याप्त समय का निर्धारण किया गया है। ये बस सेवायें पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी, पर्यटन गतिविधि होगी। इस कण्डक्टेड टुअर का किराया 200 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है तथा एक डेस्टिनेशन से दूसरे डेस्टिनेशन के मध्य का किराया प्रति डेस्टिनेशन 50 रुपये निर्धारित किया गया। डेस्टिनेशन के मध्य रास्ते की सवारी प्रतिबंधित रहेगी। मथुरा से प्रारम्भ होने वाली बस सेवा प्रातः 8.30 बजे रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन से गोकुल हेतु रवाना होगी। 9.15 से 10.30 बजे तक गोकुल भ्रमण करेगी और गोवर्धन के लिए प्रस्थान करेगी। 12 से दो बजे गोवर्धन दर्शन कराएगी, दो से तीन बजे तक भोजन एवं विश्राम तथा उसके बाद मथुरा के लिए प्रस्थान करेगी। चार से पांच बजे तक श्रीकृष्ण जन्मस्थान, मथुरा दर्शन करायेगी। वृन्दावन से प्रारम्भ होने वाली बस सेवा प्रातः साढे सात बजे टीएफसी वृन्दावन से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए प्रस्थान करेगी, 8.15 से 9.15 बजे तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करायेगी। 10.30 से 01 बजे तक गोवर्धन पहुंचकर दर्शन कराएगी, 01 से 02 बजे तक भोजन और उसके बाद गोकुल हेतु प्रस्थान करेगी। 3.30 से 4.30 बजे तक गोकुल आगमन पर गोकुल दर्शन एवं पूजन कराएगी और उसके बाद वृन्दावन हेतु प्रस्थान करेगी तथा 5.30 बजे वृन्दावन पहुंचेगी।

## ब्रज भाषा के लोकगीत संग्रह ब्रज विविधा का लोकार्पण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में ब्रज भाषा काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रज के लोकगीतों की पुस्तक ब्रज विविधा का लोकार्पण भी किया गया। काव्य संगोष्ठी की अध्यक्षता राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी जयपुर के पूर्व अध्यक्ष विट्ठल पारीख ने की। पुस्तक की लेखक पूनम शर्मा पूर्णिमा भी मंचस्थ रहीं। पूर्णिमा ने बताया कि पुस्तक में संकलित किए गये ब्रज के गीत और लोकगीत लिपिबद्ध किये गये हैं। उन्होंने ब्रज भाषा के संरक्षण के लिए गद्य व पद्य में लेखन पर बल दिया। श्री पारीख ने ब्रज भाषा को बचाने की अपील की। ब्रज भाषा काव्य संगोष्ठी में कवि अशोक यज्ञ, योगेश शर्मा, कवयित्री अर्चना शर्मा, संस्कृत शिक्षक राम दत्त मिश्रा, अनुपम गौतम, भूपेंद्र भरतपुरिया आदि ने कविता पाठ किया। श्री यज्ञ ने कविता पढी जब आयौ द्वार बिहारी के, विश्वास अधूरौ मति करियौ। संचालन करते हुए ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा ने गीता शोध संस्थान में प्रारंभ हुए रासलीला के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम व अन्य गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# विधानसभा में गूंजा मणिपुर हिंसा का मुद्दा

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने बोला पीएम मोदी पर हमला, बोले- इतना सब हो गया पर वो चुप रहे

**चर्चा**

**दिल्ली से जुड़े कई मुद्दे हैं जिस पर वे (दिल्ली सरकार) चर्चा नहीं कराना चाहती: विधायक अभय वर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**गुरूवार को दिल्ली** विधानसभा का सत्र का दूसरा दिन रहा। विधानसभा में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा हुई। आप विधायक दुर्गेश पाठक, विनय मिश्रा और कुलदीप कुमार मणिपुर में अशांति और वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर चर्चा की शुरूआत की। मणिपुर पर चर्चा के दौरान हंगामा कर रहे चार भाजपा विधायकों और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को मार्शल ने विधानसभा से बाहर निकाल दिया। बाहर आने के बाद उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा में सिर्फ दिल्ली से जुड़े मुद्दों पर ही चर्चा हो सकती है। संसद में मणिपुर पर चर्चा हो चुकी है।

वे चर्चा से भाग रहे हैं। जब हम दिल्ली के मुद्दे उठाते हैं तो वे (आप) हमें बाहर निकाल देते हैं। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने कहा कि यह विधानसभा दिल्ली के विषयों की चर्चा के लिए है लेकिन अरविंद केजरीवाल मणिपुर का विषय लेकर आ रहे हैं। दिल्ली की जनता पानी, सीवर लाइन के जाम से त्रस्त है, यमुना नदी गंदी से। दिल्ली से जुड़े कई मुद्दे हैं जिस पर वे (दिल्ली सरकार) चर्चा नहीं कराना चाहती। नीयम 55 के तहत मैं 'शीश महल' पर चर्चा कराना चाहता था लेकिन इस पर चर्चा कराना उचित नहीं समझा गया।

**'मणिपुर की घटना घटी, तब से प्रधानमंत्री चुप हैं':** विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भाजपा के विधायक साफ कह रहे हैं कि उनका मणिपुर से कुछ लेना देना नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साफ संदेश है कि उनका मणिपुर से कुछ लेना देना नहीं है। जब से मणिपुर की घटना घटी, तब से प्रधानमंत्री चुप हैं।

### विधानसभा से भाजपा के चार विधायकों को मार्शल के जरिए सदन से किया गया बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा से गुरुवार को चार भाजपा विधायकों को मार्शल के जरिए सदन से बाहर कर दिया गया। यह सभी मणिपुर पर चर्चा कराए जाने के फैसले का विरोध कर रहे थे। बाहर किए गए विधायकों में अभय वर्मा, जितेन्द्र महाजन, अजय महावार और ओपी शर्मा शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने दिल्ली विधानसभा में मणिपुर मसले पर सीमित चर्चा की शुरूआत की। भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि मणिपुर दिल्ली विधानसभा के दायरे से बाहर का विषय है। विधानसभा में राज्य से जुड़े मसलों पर ही चर्चा की जानी चाहिए। इस पर उपाध्यक्ष राखी बिरला ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण दिया और कहा कि अगर वहां चर्चा हो सकती है तो दिल्ली विधानसभा में क्यों नहीं हो सकती। भाजपा विधायकों की ओर कहा गया कि वहां किसी सदस्य ने उल्लेख भले किया पर औपचारिक चर्चा नहीं हुई। भाजपा के विधायक लगातार नारेबाजी कर रहे थे और विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जिसके बाद मार्शल बुलाकर उन्हें सदन से बाहर कर दिया गया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में स्थित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय के बाहर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है और दिल्ली सरकार मणिपुर पर चर्चा कर रही है। जबकि मणिपुर उसके दायरे से बाहर का विषय है।

# 'इंडिया' में पड़ रही दरार?



**दुविधा में गठबंधन**

**दिल्ली के एली से मिले कांग्रेस नेता, केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से गुरुवार को कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात की है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल ने राज निवास सिविल लाइन जाकर उपराज्यपाल से महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुलाकात की। कहा जा रहा है कि दिल्ली कांग्रेस ने उपराज्यपाल के सामने दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है। बीते बुधवार को दिल्ली में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। बैठक से बाहर आने के बाद अलका लांबा ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि तीन घंटे तक बैठक चली। बैठक में राहुल गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल और दीपक बाबरिया मौजूद रहे। इसके बाद अलका लांबा ने कहा कि पार्टी ने हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा है। यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# जी20 की तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी

## तीन दिन कार्यालयों को बंद रखने की तैयारी

**सहमति**

**नई दिल्ली क्षेत्र के सरकारी व निजी कार्यालयों व स्कूलों को बंद रखने पर सहमति लगभग बन गई है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी-20 सम्मेलन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इस क्रम में अब मंथन इस बात पर चल रहा है कि सम्मेलन के दौरान आगंतुकों के साथ आम लोगों को भी आवाजाही को लेकर कोई दिक्कत न हो। इसके लिए आठ से दस सितंबर तक नई दिल्ली क्षेत्र के सरकारी व निजी कार्यालयों व स्कूलों को बंद रखने पर सहमति लगभग बन गई है। इस दौरान कोई भी कार्यालय या कंपनी अपने कर्मचारियों से घर से काम करा सकती है, ताकी काम प्रभावित न हो।

**स्कूल भी रह सकते हैं बंद:** जी-20 से संबंधित तैयारियों से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि राजधानी में आठ से दस सितंबर तक जी-20 के मेहमानों की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान आठ को शुक्रवार, नौ को शनिवार और 10 को रविवार होगा। ऐसे में तैयारी है कि आठ सितंबर को नई दिल्ली क्षेत्र के सभी कार्यालयों व स्कूलों को बंद रखा जाए। अधिकारियों का कहना है कि सारा ध्यान शुक्रवार को लेकर ही है, बाकी शनिवार को अधिकांश कार्यालय बंद रहते हैं।

# ग्रेटर नोएडा में चार करोड़वां पौधा लगाएंगे शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ग्रुप सेंटर में चार करोड़वां पौधा लगाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को गृह मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी। केन्द्रीय गृहमंत्री ने 12 जुलाई, 2020 को इस वृहद, मानवीय और अनूठे वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया था। मंत्रालय के अनुसार कल गृहमंत्री सीआरपीएफ के 08 विभिन्न परिसरों में कुल 15 भव्य नवनिर्मित भवनों व इमारतों का भी वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करेंगे। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने वर्ष 2020 से 2022 तक केवल तीन वर्ष के छोटे अंतराल में पूरे देश में सामूहिक रूप से 3.55 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं। सभी केन्द्रीय सशस्त्र सुरक्षा बलों के लिए वर्ष 2023 में कुल 1.5 करोड़ पौधे लगाने का सामूहिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके फलस्वरूप इस अभियान के तहत कुल पौधारोपण की संख्या 5 करोड़ हो जाएगी, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति समग्र राष्ट्र के प्रयासों में सीआरपीएफ के अनुकरणीय योगदान को दशार्ता है। इस वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जलवायु के अनुरूप ईकाइवार लगाए जाने वाले पौधों की संख्या और प्रजातियों का आंकलन किया गया और इसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई। साथ ही यह भी निश्चित किया गया कि लगाए जाने वाले पौधे यथासंभव देसी प्रजातियों के हों और कम से कम पचास प्रतिशत पौधे लम्बी आयु (100 वर्ष से अधिक) के हों।

पौधों की प्रजातियों के चयन में यह भी ध्यान रखा गया कि वे आरोग्य वर्धक और पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी हों।

# 'किसी पार्टी के प्रवक्ता तय नहीं करते चुनाव में सीट का बंटवारा..'

## अलका लांबा के बयान पर सौरभ भारद्वाज का जवाब

**दो टूक**

**कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के बयान पर स्पष्टीकरण दिया है उससे सब बात साफ हो जाती है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की कांग्रेस नेता अलका लांबा के एक बयान के बाद आईएनडीआईए गठबंधन में दरार पड़ने की खबरें सियासी गलियारों में तेजी से फैल रही हैं। इसी को लेकर गुरुवार को जब दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के बयान पर स्पष्टीकरण दिया है उससे सब बात साफ हो जाती है।

**बुधवार को अलका लांबा ने दिया था ये बयान:** दरअसल बुधवार को अलका लांबा ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए सभी सीटों पर तैयारी के लिए कह दिया है। हम दिल्ली में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इस पर आम आदमी पार्टी की तरफ से बयान आया था कि अगर कांग्रेस ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने का मन बना लिया है तो विपक्ष गठबंधन का कोई मतलब नहीं है। इसी के बाद कांग्रेस ने अलका लांबा के बयान पर सफाई दी थी। उसी पर गुरुवार को जब पत्रकारों ने सौरभ भारद्वाज से पूछा कि जब से गठबंधन बना है तब से आप और कांग्रेस के नेताओं का बयान आ रहा है।


# सोने की तस्करी मामले में मोस्ट वांडेट अपराधी को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को सोने की तस्करी मामले में मोस्ट वांटेड अपराधी मोहम्मद अली को गिरफ्तार किया है। एनआई के मुताबिक राजस्थान के रहने वाले अली की जयपुर एयरपोर्ट पर करीब 9 करोड़ की कीमत और 18.56 किलो की सोने की छड़ें बरामद होने के मामले में तलाश थी। 17 मार्च, 2021 को उसे एनआईए की विशेष अदालत ने घोषित अपराधी करार देते हुए उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया था। मोहम्मद अली 2020 सितंबर से ही फरार चल रहा था। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस और रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था।

# सिम बेचने वालों का होगा पुलिस सत्यापन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में मो**बाइल फोन के सिम विक्रेताओं का अब पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, जिसमें उनकी बायोमेट्रिक जानकारी भी शामिल है। अब बड़ी संख्या में बिजनेस कनेक्शन लेने वाले कारोबारियों को सिम देते समय सम्बन्धित कर्मचारी का केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। केन्द्रीय टेलीकॉम मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुरुवार को टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़े दो रिफॉर्म की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन रिफॉर्म का मकसद केवल उपयोगकर्ता को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है। उन्होंने कहा कि सिम बेचने वाले को अब गलत तरीके से इसे बेचने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके लिए उसका पुलिस और बायोमेट्रिक सत्यापन



अनिवार्य होगा और बड़ी संख्या में सिम खरीद पर रोक होगी। इसके स्थान पर बिजनेस कनेक्शन दिए जायेंगे। बिजनेस कनेक्शन के लिए एक प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन होगा। यह बिजनेस कनेक्शन पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। मंत्री ने संचार पोर्टल के माध्यम से हासिल की गई उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से 52 लाख फर्जी कनेक्शन खत्म किए गए हैं। 67 हजार डीलर ब्लैकलिस्ट किए गए हैं। साइबर फ्राड से जुड़ी 300 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 17 हजार मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक किए गए हैं। 67 हजार व्हाटसएप ब्लॉक किए गए हैं। एक लाख पेमेंट अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। तीन लाख चोरी के मोबाइल उनके मालिकों तक पहुंचाए गए हैं। एक आधार पर सिम लेने की संख्या को अभी भी नौ बनाए रखा गया है। मंत्री ने बताया कि डिजिटल केवाईसी जल्द ही जरूरी कर दिया जाएगा। सिम कार्ड देते समय आधार कार्ड के क्यूआर कोड को सत्यापित करना जरूरी होगा।

**टेलीकॉम रिफॉर्म**

**बिजनेस कनेक्शन लेने वाले कारोबारियों को सिम देते समय सम्बन्धित कर्मचारी का केवाईसी कराना अनिवार्य होगा**

# कैदी ने बनवाया मजिस्ट्रेट का फर्जी ऑर्डर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इसे** तिहाड़ जेल में बंद कैदी की सनक ही कहेंगे, साथ ही दिल्ली पुलिसकर्मियों की मिलीभगत भी। कैदी ने स्पोर्ट्स शूज पहनने के लिए साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट का फर्जी ऑर्डर बनवा लिया। साकेत कोर्ट में पेशी के दौरान तिहाड़ में हाई रिस्क जोन में बंद कैदी गैंगस्टर नीरज उर्फ कूप्पा के पुलिस कस्टडी में स्पोर्ट्स शूज पहनने के शौक से पर्दा उठा। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि कैदी के पास स्पोर्ट्स शूज कहां से आए और उसने मजिस्ट्रेट का फर्जी ऑर्डर कैसे बनवा लिया। दक्षिण जिले के साकेत थाने में कैदी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। साकेत थाने में दर्ज प्राथमिकी (नंबर-0277) में कैदी नीरज उर्फ कूप्पा तिहाड़ जेल की हाई रिस्क जेल नंबर-15 में बंद है। उसे 9 अगस्त को साकेत कोर्ट में पेश किया गया। साकेत कोर्ट की लॉक अप में जब तलाशी ली गई तो नीरज ने फीते वाले स्पोर्ट्स जूते पहने हुए थे, जबकि तिहाड़ जेल के नियमों के अनुसार कैदी को स्पोर्ट्स शूज पहनने की अनुमति नहीं है। जब इस अंडर ट्रायल कैदी से जूते पहनने के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि जूते पहनने के लिए कोर्ट की अनुमति ले रखी है। उसने साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-दो दक्षिण-पूर्व जिले का ऑर्डर दिखाया। इस ऑर्डर पर कोर्ट की सील भी लगी हुई थी। शुरूआती जांच में कोर्ट के इस ऑर्डर पर संदेह हुआ। कोर्ट में ऑर्डर के बारे में पता किया गया तो वह फर्जी पाया गया।

**जांच जारी**

**बंद कैदी गैंगस्टर नीरज उर्फ कूप्पा के पुलिस कस्टडी में स्पोर्ट्स शूज पहनने के शौक से पर्दा उठा**

# पतंगबाजी का शौक जीवन पर भारी: चाइनीज मांझे ने काटी पक्षियों की जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वतंत्रता** दिवस पर पतंगबाजी का शौक रखने वालों की लापरवाही इंसानों के साथ पक्षियों पर भी भारी पड़ी। चंद मिनटों की खुशी ने कई पक्षियों की जिंदगी की डोर काट दी। कुछ ऐसे पक्षी भी हैं जो अब कभी आसमान में उन्मुक्त होकर अपनी परवाज नहीं भर पाएंगे। चाइनीज मांझा पक्षियों के लिए काल बनकर सामने आया। बीते 15 दिन में पतंगबाजी से घायल हुए पक्षियों का आंकड़ा एक हजार को पार कर चुका है। इनमें राष्ट्रीय पक्षी मोर भी शामिल हैं। मांझे से घायल पक्षियों का अस्पतालों में पहुंचना लगातार जारी है। पुरानी दिल्ली में दिगंबर जैन लाल मंदिर में स्थित पक्षियों के धर्मार्थ चिकित्सालय में



रोज 70 से अधिक घायल पक्षी भर्ती हो रहे हैं। 150 घायल पक्षियों को लाया गया। यह संख्या अब 850 हो गई है। इसमें कबूतर, चील, तोते और कौवा शामिल हैं। घायल पक्षियों में कबूतर व चील की संख्या अधिक है। वहीं, चार मोर भी हैं। अस्पताल में भर्ती पक्षियों में किसी के पैर कट गए हैं, तो किसी के पंख के साथ हड्डी तक टूट गई है। घाव ज्यादा न फैले इस वजह से चोटिल हिस्से को काटना तक पड़ रहा है। पतंगबाजी से इस बार पक्षियों की जान पर बन आई। इंसान ने आसमान में पतंगों के पेंच लड़ाकर आजादी का जश्न तो मनाया, लेकिन परिंदों की परवाह नहीं की। जिस डोर को लोगों ने आजादी की डोर समझकर पतंग के साथ गगन में उड़ाया, वह पक्षियों के लिए काल साबित हो रही है। अस्पताल में पक्षियों का इलाज कर रहे डॉ. हरअवतार कहते हैं कि इस बार बीते साल से अधिक घायल पक्षी आ रहे हैं। वह बताते हैं कि इन घायल पक्षियों में अधिकतर अब कभी आजादी से नहीं उड़ पाएंगे। किसी को भी अगर घायल पक्षी मिलता है तो सबसे पहले उसकी ब्लीडिंग को रोका जाए। पक्षियों को कभी भी पॉलीथिन में बंद न करें उन्हें किसी गत्ते के डिब्बे में रख दें।

**पोर्टर से भी भेज रहे घायल पक्षी:** अस्पताल में सबसे अधिक घायल पक्षी पूर्वी व पुरानी दिल्ली के आसपास के इलाकों से आ रहे हैं।

**घोर लापरवाही**

**150 घायल पक्षियों को लाया गया। यह संख्या अब 850 हो गई है। इसमें कबूतर, चील, तोते और कौवा शामिल हैं**

# दिल्ली के किसी कॉलेज-संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की होगी : हाई कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई कोर्ट** ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली के सभी कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिया है कि वो किसी समारोह के आयोजन के लिए पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती सुनिश्चित करें। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर दिल्ली के किसी कॉलेज या संस्थान में कोई कार्यक्रम होता है तो छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस की होगी।

याचिका वकील मनोहरलाल शर्मा ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि 06 फरवरी 2020 को कॉलेज में एक कार्यक्रम के दौरान कई लड़कियां शामिल हुई थीं। इसमें बाहर के अधेड़ उम्र के कुछ शरारती तत्व घुस गए और छात्राओं के साथ छेड़खानी करने लगे। कई आरोपितों ने तो कॉलेज के बाहर मेट्रो स्टेशन तक गार्गी कॉलेज की छात्राओं का पीछा किया। छात्राओं ने इसकी कई शिकायत कॉलेज प्रशासन और पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज की है। याचिका में कहा गया था कि घटना के दिन गार्गी कॉलेज में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। उसके बावजूद कुछ लोग घुस गए और छात्राओं के साथ अभद्रता करने लगे। इस घटना के पीछे सुनियोजित आपराधिक और राजनीतिक साजिश नजर आती है। इसलिए इस मामले की कोर्ट की निगरानी में जांच होनी चाहिए। याचिका में गार्गी कॉलेज के अंदर और बाहर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के जरिये अपराधियों की गिरफ्तार कर उन्हें सजा देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील नंदिता राव ने कहा कि पुलिस ने अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल की है क्योंकि छात्राएं सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उन आरोपितों को नहीं पहचान सकी जो यौन प्रताड़ना में लिप्त थे। बहुत सारी छात्राएं मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए नहीं पहुंचीं। पुलिस ने जिन लड़कों को शुरूआत में पकड़ा था उनमें से एक को भी भी लड़कियां नहीं पहचान सकीं।

## न्यूज फ्लैश

### बराड़ा में जलभराव को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**बराड़ा नगरपालिका** पूर्व चेयर पर्सन रिचा पाहवा पति हनी पाहवा ने बरसात के मौसम में सड़को पर जलभराव की स्थिति अधिक होने के कारण सड़कों की खस्ता हालत को ठीक करने के लिए अंबाला डीसी डॉ शालीन से मुलाकात की ओर कहा की शाहबाद से दोसरका रोड़ पर नजदीक महाराणा प्रताप चौक की हालत बहुत ज्यादा खराब है। बराड़ा की जनता को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी स्थिति को ठीक करवाया जाए जल्द ही गटका डलवा कर यातायात को दुरुस्त करवाया जाए। हनी पाहवा ने कहा कि तुरंत प्रभाव से अंबाला डीसी डाक्टर शालीन ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### जेपी डीएवी स्कूल के मुक्केबाज को किया सम्मानित

**गन्नौर: जयंती प्रसाद** डीएवी पब्लिक स्कूल के विशाल को



मुक्केबाजी खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एसडीएम गन्नौर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशाल ने डीएवी नेशनल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर के स्कूल का नाम रोशन किया है। एसडीएम ने कहा कि खेल हमारे अंदर समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और समूह में कार्य करने की भावना का विकास करते हैं। इसलिए हमें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में अनिवार्य रुप से अपनाना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य चंद्र प्रकाश ने भी विशाल को बधाई दी और उसके उह्नजवल भविष्य की कामना की।

### तेवड़ी गांव में 100 पौधे किए रोपित

**गन्नौर: जनहित अभियान** फाउंडेशन के द्वारा गांव तेवड़ी में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मास्टर शील मलिक ने पौधा लगा कर अभियान की शुरूआत की।



शील मलिक ने कहा की बारिश के मौसम में हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने मिलकर गांव को हरा भरा बनाने का प्रयास करने की शपथ ली। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि मुहिम के तहत तेवड़ी गांव में 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, डा. अनिल, अरुण लाकड़ा, अमित, गुरु गजानन पूरी, बलराज मलिक, रवि मलिक, अमृत नाथ,पवन मलिक मौजूद रहे।

### काश! आर्थिक विकास के साथ-साथ हम सभी अपने मन का विकास भी कर पाते: एसपी चौहान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** की कई सामाजिक संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा है कि भारत ने आज आर्थिक विकास के जो आयाम छुए हैं, वह किसी से छिपे नहीं हैं। आज यातायात के इतने साधन हैं कि एक घर में कई कई गाडि?ां हैं, पार्किंग के लिए जगह मिलना लाटरी के समान हो गया है। बड़ी-बड़ी अटारियां , शॉपिंग मॉल, ऑफिस कॉप्लेक्स आज देखते ही बनते हैं। 77वीं आजादी की बेला में हम कह सकते हैं कि देश ने साइंस, टेक्लानॉजी व हर क्षेत्र में विकास किया है, इसके बावजूद एक कमी हमारे जीवन में खल रही है हम इस आर्थिक विकास के साथ मन का विकास भूल गए हैं, काश आर्थिक विकास के साथ साथ हमारे मन का विकास भी साथ साथ चलता तो आज भारतवर्ष सोने की चिडि?ा कहलाने का हकदार बन जाता। या यूं कहें कि साक्षात स्वर्ग यहीं बन जाता। तमाम आर्थिक विकास के बाद भी आज परिवारों में वो सुख शांति नहीं जो इतने गाडि?ों व बंगलों के बावजूद होनी चाहिए थीं, आज खर्चों के साथ-साथ आय भी बढ़ी है, इससे आर्थिक संपन्नता तो नजर आती है, लेकिन जब हम किसी का मन टटोलते हैं हर मन जैसे यहां उदासी का खजाना लिए घूम रहा है।

# शनिवार को होगा महिलाओं का महाकुम्भ


## राज्य स्तरीय तीज उत्सव में 20 हजार से अधिक महिलाएं लेंगी भाग: एडीसी वीना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**तीज उत्सव** की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। स्थानीय सैक्टर 13-17 में होने वाला तीज उत्सव महिलाओं को समर्पित रहेगा। इस कार्यक्रम में जहां मुख्यमंत्री मनोहरलाल भाग लेंगे वहीं प्रदेश की 101 महिलाएं भी उन द्वारा सम्मानित की जाएगी। यही नहीं इस कार्यक्रम में स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली महिलाएं फूड स्टॉल पर पारम्परिक पकवान भी बनाती नजर आएंगी। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा बतौर एक महिला अधिकारी के नाते विशेष दिलचस्पी

**संस्कृति उत्सव**

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भाग लेंगे वहीं प्रदेश की 101 महिलाएं भी उन द्वारा सम्मानित की जाएगी**

लेकर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार इस तरह का उत्सव चण्डीगढ़ से निकलकर हमारे जिले में आया है, जोकि हम सब महिलाओं के लिए गर्व की बात है। वीना हुड्डा ने कहा कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किसी भी तरह की कोई कोर कसर नही छोड़ेंगी।



उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला की सभी महिला अधिकारी उनके साथ विशेष रूचि लेकर काम कर रही हैं। यह पहली बार होगा जब इस तरह के पारम्परिक त्यौहार सामूहिक रूप से सरकारी स्तर पर मनाए जाएगा। वीना हुड्डडा ने कहा कि वे इस उत्सव को लेकर काफी उत्सुक हैं। उन्होंने इसके लिए जिला की महिलाओं से अपील भी की कि वे इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंहुचे।

**धरोहर प्रदर्शनी की रहेगी धूम**
तीज उत्सव को मनाने को लेकर धरोहर प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। जिसमें पुराने पारम्परिक परिधान और पुरानी खेती के उपकरण भी विशेष रूप से प्रदर्शित किए जा रहे हैं। सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के साथ-साथ कलां एवं संस्कृति विभाग की विशेष भूमिका रहेगी। इस कार्यक्रम में पारम्परिक परिधानों में हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेरते हुए कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**101 झूले होंगे तीज उत्सव कार्यक्रम में**
अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डडा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 101 झूले लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल को तीज उत्सव के रंग में सजाया जा रहा है। यह एक तरह से महिलाओं का कुम्भ होगा जिसमें हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखरेगी। इस कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं।

## एसडीएम ने नगरपालिका से रजिस्ट्रियों में हुई धांधली के मामले में मांगी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**तहसील में** अवैध कालोनियों में हुई रजिस्ट्रियों के मामले में अब एसडीएम डा. निर्मल नागर ने नगरपालिका से रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम ने बिना एनओसी हुई रजिस्ट्रियों के कारण नगरपालिका को कितना आर्थिक नुकसान हुआ है इसका ब्यौरा मांगा है। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। नगरपालिका अधिकारी अब उस समय पर हुई करीब 63 रजिस्ट्रियों की जांच करने में जुट गए हैं। सोमवार को नगरपालिका द्वारा सोमवार तक रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत कर दी जाएगी।

**नुकसान का आकलन इस तरह से किया जाएगा: नगरपालिका** की सीमा में कई अवैध कालोनियां भी आती हैं। अवैध होने की वजह से नगरपालिका द्वारा इन कालोनियों में प्लाटों की खरीद फरोख्त के लिए एनओसी जारी नहीं की जाती और न ही डेवलपमेंट चार्ज लिया जाता है, लेकिन इनका प्लाटों का प्रोपर्टी टैक्स नगरपालिका द्वारा वसूल जरूर किया जाता है। नगरपालिका द्वारा 15 मई को हुई अधिकतर रजिस्ट्रियां अवैध कालानी में हुई हैं। इस दिन कुल 77 में से 63 रजिस्ट्रियां अवैध कालोनियों में बिना एनओसी की गई थी। रजिस्ट्री नायब तहसीलदार द्वारा की गई थी। ऐसे में नगरपालिका अधिकारी इन सभी 63 रजिस्ट्रियों का प्रोपर्टी टैक्स का पता लगा रही है, ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।

**नायब तहसीलदार पर गिर चुकी है गाज:** अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री करने के शिकायत पर राजस्व विभाग के वित्तायुक्त ने कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार शिवराज को तुरंत प्रभाव से गन्नौर से हटा दिया था। इसके बाद उन्हें सस्पेंड भी कर दिया था। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि 15 मई को हुई रजिस्ट्रियों से हुए नुकसान के बारे में आंकलन लगाने के लिए नगरपालिका सचिव की ड्यूटी लगाई गई है।

## दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं पर सरकार का विशेष जोर: उपायुक्त

### दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन हरियाणा में सबसे ज्यादा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष जोर दे रहे हैं। दिव्यांग जनों के लिए पेंशन से संबंधित भी कई योजनाएं हैं जिनका वर्तमान में भी लाभ ले रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रोडवेज की बसों में सीट नंबर-3 दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित होती है। इस सीट पर लिखा जाना चाहिए कि यह दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित है क्योंकि उन्हें बैठने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि, बसों में चढने.के लिए हैंडल भी होने चाहिए ताकि दिव्यांगजनों को बस में चढ़ते वक्त किसी

**लाभ उठाएं**

**दव्यांगता पर किसी का बस नहीं है लेकिन हमें दिव्यांगजनों को समान अधिकार देने चाहिए: उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार**

तरह की दिक्कत न हो।
उपायुक्त ने बताया कि दिव्यांगता पर किसी का बस नहीं है लेकिन हमें दिव्यांगजनों को समान अधिकार देने चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत से सार्वजनिक संस्थान से जुड़ी बिल्डिंगों में दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने दिव्यांगजनों को अनेक लाभ दिए हैं।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणा की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

**पानीपत: सिंचाई विभाग** के सलाहकार रिटायर्ड आईएएस देवेन्द्र सिंह ने वीरवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सीएम घोषणाओं को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डडा ने लघु सचिवालय के सभागार में जिला के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डडा ने कहा कि जो अधिकारी काम के प्रति गंभीर नहीं है उन्हें अपना रवैया सुधारना होगा। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत अब तक की प्रगति रिपोर्ट को साईट पर जाकर फोटो सहित भेजने के भी निर्देश दिए।

## प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का, कांग्रेस की सरकार बनना तय: महिपाल

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**पानीपत ग्रामीण** हलका के कांग्रेस नेता महिपाल सूबेदार ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया गया हाथ से हाथ जोडो अभियान पूरी तरह से सफल रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिये कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के मार्ग दर्शन में निरंतर लोगों के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की पोल खोलने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है और आने वाला समय कांग्रेस का है। जनता ने अभी से अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मौका देने का मन बना लिया है। महिपाल सूबेदार



बृहस्पतिवार को ग्रामीण हलके के नूरवाला स्थित इंदिरा विहार कॉलोनी व हरि सिंह कॉलोनी में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। वहीं कालोनी वासियों की समस्याओं पर महिपाल सुबेदार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कर सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर शमशेर बाल्मीकि, बलवान शर्मा, राजेंद्र गुर्जर ,जीत सूबेदार प्रजापत, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चंद्र श्याम शर्मा, प्रकाश दुबे, सुधीर शर्मा, बलराज बाल्मीकि, राजेंद्र, टिंकू जोगी, सुरेश, रिंकू रोहिल्ला व जयदीप आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण सभा की युवा कार्यकारिणी की घोषणा की गई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**समस्त ब्राह्मण** सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा द्वारा युवा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। वहीं नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने पटका, फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के युवाओं को साथ लेकर समाज को संगठित करने, शिक्षा, खेल व राजनीति के क्षेत्र में आगे ले जाने का आश्वासन दिया। युवा कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रधान रतन शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके कार्यकाल को लेकर चर्चाओं का दौर समाज में चला हुआ है जिस बारे में वह सपष्ट कर



देना चाहते हैं कि खापों के प्रधानों का कार्यकाल 5 साल होता है। उसके बाद भी उन्होंने तो समाज को अधिकारी दिया हुआ है कि वह जब चाहे प्रधान का चुनाव करा ले। समाज व सभा की 21 सदस्यीय कमेटी वोटिंग से या सर्वसम्मति से चुनाव करा सकती है। उनके लिए समाज से बड़ा कुछ नहीं है। वहीं रतन शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों से ब्राह्मण समाज के नेताओं को अधिक से अधिक टिकट देने की मांग की खासकर लोकसभा के लिए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में करनाल लोकसभा सीट ब्राह्मणों की मानी जाती है। इसलिए इस बार इस सीट से जो भी पार्टी ब्राह्मण को टिकट देगी। ब्राह्मण समाज उसका साथ देगा। वहीं सभा की 21 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष बलवान शर्मा अहर ने कहा कि समिति ने संयुक्त रूप से निर्णय लेकर ब्राह्मण सभा का युवा शहरी जिलाध्यक्ष बिल्लू शर्मा कैत को व युवा जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुनील शर्मा पट्टीकल्याणा को बनाया है। इसके अलावा जिला प्रमुख कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष संदीप कौशिक गोयला कलां को बनाया है। ग्रामीण विधानसभा प्रभारी राजू राजाखेड़ी को बनाया गया है। रतन शर्मा ने कहा कि समाज के आगे बढ़ाने का जज्बा उक्त सभी युवा पदाधिकारियों में है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह अपनी जिम्मेवारी को पूरी मेहनत से निभायेंगे। इस अवसर पर बलवान शर्मा अहर, निगम पार्षद शिव कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा, प्रधान धर्मशाला हरी नगर सुभाष शर्मा, पूर्व सरपंच महेंद्र गौतम, वासुदेव राजा खेड़ी, बलवान जोशी , अशोक शर्मा, इसराना प्रधान रामचंद्र शर्मा,पूर्व सरपंच रामकरण शर्मा, बलवान भारद्वाज, विनोद शर्मा, सरपंच राधेश्याम शर्मा, रामकुमार व सुनील शर्मा एडवोकेट, डी.के.शर्मा एडवोकेट व जयदेव शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## फ्लिपकार्ट ने " स्पॉइल " लॉन्च करने की घोषणा की

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट ने खास तौर पर जेन जी के लोगों के लिए तैयार किए गए नए ऐप-इन-ऐप फैशन डेस्टिनेशन " स्पॉइल " लॉन्च करने की घोषणा की है। किफायती और ट्रेंड तय करने वाली स्टाइल पर ध्यान देते हुए वेस्टर्न वियर, ऐक्सेसरीज और फुटवियर समेत 40,000 से ज्यादा प्रोडक्ट इस नए ऑन-ऐप इंटरफेस के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। स्पॉइल का उद्देश्य व्यक्तिगत स्टाइल को व्यक्त करने के तरीके में व्यापक बदलाव लाना है जहां अलग-अलग तरह की डिजाइन होंगी जिनमें स्टाइल और व्यक्तिगत अस्तित्व का खयाल रखा गया है। इस लॉन्च के बारे में संदीप कर्वा, वाइस प्रेसिडेंट - फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, "" स्पॉइल " के साथ हमारा मिशन जेन जी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है जो उनके आंतरिक आत्मविश्वास को महत्व देते हैं और खुद को अपनी स्टाइल के माध्यम से व्यक्त करते हैं। यह ऐसी पीढ़ी भी है जो बिना किसी पूर्वाग्रह के हर दिन पुराने समय से चली आ रही रुढ़ियों को खत्म करते जा रहे हैं। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को सशक्त महसूस करने और स्टाइलिश बनने का हक है और इस नए लॉन्च का उद्देश्य यही करना है। दुनिया में ऑनलाइन खरीदारों के आधार के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है। बेन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तीन में से एक खरीदार जेन जी के हैं और ये खरीदार ऑनलाइन खरीदारी करते हुए ज्यादातर मामलों में पहली कैटेगरी के तौर पर फैशन को ही चुनते हैं और वह भी शुरूआती कीमतों पर। मैकिंजी की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जेन जी किसी कपड़े में फिट होने के बजाय लोगों से अलग दिखना चाहते हैं।

## संगीत-प्रेमियों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहे हैं आईकूडू के प्रोडक्ट्स

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
भारतीय बाजार में लॉन्च होने के कुछ दिन बाद से ही इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड आईकूडू के दोनों प्रोडक्ट आईकूडू बड्स वन और बड्स जैड, शानदार साउंड क्वालिटी, नवीनतम डिजाईन और किफायती दामों में उपलब्ध होने के कारण तेजी से लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अपने शानदार और नए फीचर्स जिनमें टू वायरलेस स्टीरियो सेगमेंट में विंड नॉइज रिडक्शन, 50 डीबी एएनसी एआई ईएनसी फिल्टर, फुल टच कंट्रोल, लॉन्ग बैटरी लाइफ जैसे महत्वपूर्ण फीचर्स की बदौलत ही आईकूडू के प्रोडक्ट्स इतने कम समय में ही भारतीय बाजार में अपनी एक मजबूत पकड़ बनाने कामयाब रहे हैं। आईकूडू के रीजनल हेड ने ब्रांड की इस सफलता पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य संगीत के प्रति रूचि रखने वाले वर्ग को बेहतर अनुभव प्रदान कराना है, और इसके लिए हमने लेटेस्ट साउंड तकनीक और फीचर से लैस प्रोडक्ट्स बाजार में उतारे हैं।

## आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में मनाया गया महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का बलिदान दिवस

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया पानीपत**
शहर के आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में बृहस्पतिवार को महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की ।विद्यालय के प्रबंधक जसवीर आर्य, कोषाध्यक्ष महताब आर्य, उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। डीपी जगदीश चहल, प्रवीण आर्य,



आशा अरोड़ा, नीतू चौधरी, रेनू गुप्ता व मीनू कुंडू ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर छात्रों का हौसला बढाया। इस मौके पर योगा के प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। यह जानकारी स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने दी। वहीं प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि भारत भूमि वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की जन्म व कर्मभूमि रही है। महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा का जन्म पंजाब के अमृतसर में पिता डॉक्टर दितामल ढींगरा के घर हुआ था और ये परिवार की इच्छा के विरुद्ध कम आयु में ही स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गये और अंग्रेज हुकूमत ने 17 अगस्त 1909 को इन्हें अंग्रेज अफसर पर गोली चलाने के अपराध में फांसी की सजा दे दी।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन

### कर्मचारियों की हर मांग को सरकार के समक्ष रखेगी कांग्रेस: शैली चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) लोक** निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सर्व कर्मचारी संघ, ट्यूबवेल औपरेटर यूनियन नारायणगढ़, बिजली विभाग से मीटर रीडर यूनियन नारायणगढ़ ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के नाम विधायक शैली चौधरी को ज्ञापन सौंपे, जिसमें उनकी मुख्य मांगे डढर , वेतन वृद्धि, आदि, ट्यूबल ऑपरेटर कोदौ वर्ष से बढ़े हुए वेतन का एरियल अभी तक नहीं मिला,ईपीएफ, ईएसआई, का लाभ नहीं मिला, मीटर रीडर कर्मचारियों की मांग है ,उनको



प्रति मीटर चार रू के हिसाब से मिलता है, जिसको बढ़ाकर आठ रु प्रति मीटर किया जाए। नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी ने कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी की तरफ से आश्वासन है कर्मचारियों की हर वाजिब मांग को सरकार के समक्ष उठाएंगे और हमने आने वाले विधानसभा सत्र में सभी मांगे सरकार को भेज दी है उन्होनें कहा कि जहां-जहां देश में कांग्रेस की सरकार है वहां वहां हमारी सरकार ने ओपीएस लागू कर दी है हरियाणा में भी जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी ओपीएस को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के कई राज्य ऐसे है जहां पुरानी पेंशन स्कीम लागू हो चुकी है लेकिन हरियाणा में इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को भारी कमी है। नई भर्ती नहीं की जा रही जिसके चलते विभिन्न कार्यलयों में जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सरकार को चाहिए की वह नियमित भर्ती करे तथा कच्चे कर्मचारियों को भी पक्का किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगे नहीं मानती तो वह अपना संघर्ष इसी प्रकार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी उनका संगठन धरने प्रदर्शन कर चुका है लेकिन सरकार ने उनकी बात नहीं मानी है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी हरियाणा सरकारी ने यह बात नहीं मानी।

## हर साल मानसून में बढ़ जाते हैं फ्लू के मामले

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
चार अलग-अलग प्रकार के वायरस होते हैं जो इन्फ्लूएंजा का कारण बन सकते हैं, जिसे आम बोलचाल में फ्लू कहा जाता है। वैसे तो ये वायरस पूरे साल संक्रमण फैलाते हैं, लेकिन मानसून और सर्दी के मौसम में तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव के कारण इनका प्रसार तेज हो जाता है।बच्चे इनमें से किसी भी वायरस के कारण फ्लू की चपेट में आ सकते हैं और फिर धीरे-धीरे पूरा परिवार फ्लू की गिरफ्त में आ जाता है। फ्लू वायरस नाक और गले के साथ-साथ कभी-कभी फेफड़ों को भी प्रभावित करते हैं। यह 5 साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों के अस्पताल में भर्ती होने और उनकी असमय मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में से है। बैक्टीरियल न्यूमोनिया, कान एवं साइनस इंफेक्शन होना तथा पहले से चल रही किसी बीमारी का गंभीर हो जाना फ्लू के कारण होने वाली जटिलताओं में शामिल है। बच्चों की विकसित हो रही प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) और बुजुर्गों की कमजोर होती प्रतिरक्षा प्रणाली अक्सर इन जटिलताओं से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाती है।फ्लू के चार में किसी भी वायरस के संक्रमण की चपेट में आने के खतरे को कम करने में 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन सबसे प्रभावी तरीकों में से है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) 6 महीने से 5 साल की उम्र के बच्चों और 50 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों को हर साल फ्लू का टीका लगवाने का सुझाव देते हैं, जिससे उन्हें इस तरह की जटिलताओं से बचाया जा सके।
4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन के बारे में माइलस्टोन क्लीनिक के डॉ. दीपक आहूजा ने कहा, अपने चिकित्सकीय अनुभव में मैंने देखा है कि फ्लू की चपेट में आने वाले हर 10 में से 1 बच्चे में न्यूमोनिया या कान का संक्रमण हो जाता है। सालाना 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन बच्चों को इस तरह की जटिलताओं से बचाने में कारगर हो सकता है।

# सांसद ने शिलाफलकम का किया लोकार्पण

## समारोह में शहीद प्रदीप के पिता मुख्तयार सिंह को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**


**सांसद रमेश** कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत नगर निगम के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वर्ण जयंती पार्क में स्थापित शिलाफलकम का लोकार्पण किया। उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आजादी से पहले व आजादी के बाद के शहीदों की याद में यह अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आम जनमानस ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।
महलाना रोड स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में शिलाफलकम के लोकार्पण उपरांत सांसद रमेश कौशिक ने अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उपस्थित जनसमूह को पंच प्रण की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने समचाना गांव के शहीद प्रदीप के पिता मुख्तयार सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित करते हुए प्रदीप की शौर्यगाथा का बखान किया। उन्होंने कहा कि प्रदीप सहित सोनीपत के अनेकों वीरों ने भारत माता की रक्षा के लिए हंसते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। अपने इन वीरों को नमन करने के साथ अपनी मिट्टी का वंदन करने के लिए देशभर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया है।
सांसद कौशिक ने कहा कि हम अपने शहीदों के कर्ज को कभी नहीं चुका सकते। हमें अपने शहीदों को सदैव स्मरण रखना चाहिए। नई पीढ़ी को शहीदों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के नवनिर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूती देने की दिशा में हर संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ आम जनमानस का खासतौर पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश भव्य कार्यक्रम रहा है। इसने अनेकता में एकता के संदेश को प्रसारित किया है। पूरा भारतवर्ष एक सूत्र में पिरोया नजर आया है। लोगों ने इन कार्यक्रमों में खूब उत्साह के साथ हिस्सा लिया है, जिससे कार्यक्रम को भव्य रूप मिला। मिट्टी को वंदन-शहीदों को नमन थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाहित रहा है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, निगम पार्षद नीतू दहिया व मनजीत गहलावत, उप-निगमायुक्त हरदीप सिंह, एक्सईएन अजय निराला आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



**शहीदों को नमन**

▶▶ वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की याद में यह अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा

## चौधरी गजेंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**स्वतंत्रता दिवस** विक्टोरिया स्क्वायर, टाउन हॉल, बल्लारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने मनाया गया, जिसमें भारतीय मूल के भारतीय बल्लारट के मेयर डेस हडसन, उप महापौर एमी जॉनसन, पार्षद बेलिंडा कोट्स और बल्लारट इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष एलांगोवन शनमुगा की उपस्थिति मुख्य रूप से रही। मंच संचालन गीता सुनील ने बहुत अच्छे ढंग से किया। इस अवसर पर बाल कलाकार अर्जुन ने गिटार के साथ जन गण मन नामक गीत को खूबसूरती से उपस्थित सभी भारतीयों को सुनाया।

## मेयर मदान ने किया सेक्टर 14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मेयर निखिल** मदन वीरवार को शहर के सेक्टर 14 के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों की पार्कों के रखरखाव से संबंधित समस्याएं सुनी और मौके पर ही निगम अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम पार्षद सुरेंद्र मदान के माध्यम से क्षेत्रवासियों की कुछ समस्याएं उनके संज्ञान में आई थी जिसके लिए उन्होंने निगम अधिकारियों के साथ आज क्षेत्र का दौरा किया है। कुछ पार्कों में रंग रोगन ना होने, घूमने के लिए पर्याप्त रास्ता (वॉकिंग ट्रैक) ना होने और झूले एवं ओपन जिम खराब होने की शिकायत मिली है। अभी निगम द्वारा सेक्टर 14 के चार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के तीन और खन्ना कॉलोनी के एक पार्क के कायाकल्प को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई है। इन सभी आठ पार्कों में लगे झूलों और ओपन जिम की मरम्मत की जाएगी। पार्कों में आवश्यकतानुसार वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। साथ ही साफ-सफाई और रंग रोगन करके पार्कों को नया रूप दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तीन गलियों को 32 लाख रुपए की लागत से सीसी द्वारा पक्का किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र की सड़कों पर बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नालों के ऊपर लोहे के जाल लगाने का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त स्टॉर्म वाटर लाइन की सफाई करने के भी आदेश दिए गए है। इस मौके पर निगम के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार, कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार, कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार,सुमित बत्रा, रजत, प्रदीप चौहान, योगेश, राधे लाल गुप्ता, आई पी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



**न्यूज फ्लैश**

### 1.74 करोड़ की लागत से होगा शहर के असंध और गोहाना रेल्वे ओवर ब्रिज का जीर्णोद्धार



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत शहर** के दो प्रमुख मार्गों को जोड़ने वाले रेल्वे ओवर ब्रिज असंध और गोहाना ब्रिज के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र ही चालू किया जाएगा क लंबे समय से खस्ताहाल में पड़े दोनों ब्रिजो के जीर्णोद्धार का टेन्डर विधायक विज के द्वारा लगवाया गया है, बीते माह विधायक ने पत्राचार के माध्यम से पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्राचार के माध्यम से ब्रिज की हालत सुधारने हेतु पत्र लिखा था कविभाग के द्वारा दोनों ब्रिज के निर्माण का टेन्डर जारी कर दिया गया है कलगभग 90 लाख रुपये की लागत से गोहाना रोड रेल्वे ओवर ब्रिज का जीर्णोद्धार किया जाएगा एवं जनवरी 2024 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा वही असंध रोड रेल्वे ओवर ब्रिज का जीर्णोद्धार लगभग 84.35 लाख से किया जाएगा एवं अप्रैल 2024 तक इसका निर्माण पूर्ण हो जाएगा क दोनों ब्रिज के जीर्णोद्धार के उपरांत इनको जगमग करने का कार्य भी किया जाएगा और लाईट लगाने का कार्य किया जाएगा, जिससे रात के समय दोनों ब्रिज जगमग दिखेंगे विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में बताया कि उनके द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को दोनों ब्रिज के जीर्णोद्धार हेतु चिट्ठी लिखी गयी थीं, शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा और शहर वासियों को एक सुरक्षित मार्ग मिलेगा। मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त करता हू, जिनके नेतृत्व में प्रदेश एवं पानीपत में सड़कों,फ्लाईओवर एवं विकास के कई कार्य निरंतर हो रहे हैं क

### हरियाणा बोर्ड के चेयरमैन ने निजी स्कूल संचालकों के संग बोर्ड के मुद्दों पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा बोर्ड** के चेयरमैन डा. वीपी यादव नेशनल इंडिपेंडेंट अलायंस (निसा) के कैंट ऑफिस पहुंचे और यहां पर उन्होंने निजी स्कूल संचालकों के संग बोर्ड के कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने नकल रहित परीक्षा और उचित मूल्यांकन के संबंध में गहनता से चर्चा की। निसा आफिस पहुंचने पर उनका स्वागत नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फेडरेशन प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने बुके देकर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में निजी स्कूल संचालक उपस्थित थे। निजी स्कूल संचालकों के संग हुई चर्चा में हरियाणा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव ने कहा कि उनका जोर बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित बनाना है। इसके लिए जो प्रयास किए गए हैं, वह रंग लाने लगे हैं। बोर्ड की परीक्षाओं में नकल का सिलसिला तेजी से घट रहा है। चेयरमैन ने कहा कि वह नकल को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. वीपी यादव ने कहा हम मूल्यांकन पद्धित में बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी होगी। इस प्रक्रिया का फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा। साथ ही उन्होंने बोर्ड के अन्य बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की साथ ही निजी स्कूल संचालकों के उठाए गए बिंदुओं को सुन कर आश्वासन दिया कि जल्द ही इनका समाधान निकाला जाएगा। चेयरमैन डॉ. वीपी यादव ने चर्चा के दौरान बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सेंटर और ड्यूटी संबंधी नियमों को भी बदला जा रहा है। इस वर्ष निजी स्कूलों से आस पास के पांच स्कूलों के नाम मांगे जाएंगे। उसी के अनुसार सेंटर और टीचर्स की ड्यूटी तय की जाएगी। डॉ. वीपी यादव का कहना है कि हम इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि टीचर्स को ड्यूटी के लिए बहुत दूर न जाना पड़े। निसा आफिस में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन उत्सव में निजी स्कूल संचालकों के संग चेयरमैन डॉ. वीपी यादव भी शामिल हुए। उन्होंने डॉ. कुलभूषण शर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके संघर्ष की प्रशंसा की।

## हसला द्वारा किया गया पदोन्नत प्रधानाचार्यों का सम्मान

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )आज**

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र द्वारा लेक्चर से प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत साथियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हसला के जिला प्रधान डा. दिनेश यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन हसला कुरुक्षेत्र द्वारा उन प्रधानाचार्यों के सम्मान में किया गया है जो लेक्चरर पद से पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बने हैं इस अवसर पर बृजभूषण जिंदल, सुनील जिंदल, अमरनाथ, निशा रानी, करनैल सिंह, सुमन बाला, नरेश गर्ग, निर्मला, राजन गुप्ता, डा. बाबुराम, प्रमोद कुमार, श्रीमती वीना गुप्ता,श्रीमती नीना , श्रीमती सुदेश कुमारी, ज्ञान चंद, कुलदीप सिंह ,श्रीमती मीनाक्षी ,श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती सरोज सैनी , शिवचरण, मलकीत सिंह, बलबीर सिंह सहित 40 प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



## छावनी के अतुल ने फंदा लगाकर दी जान, पत्नी और ससुर पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला छावनी** के राम बाजार के नजदीक रहने वाले अतुल धीमान ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। आज उसके शव का पोस्टमार्टम कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि अतुल धीमान इन दिनों एचडीएफसी बैंक में लॉन डिपाटमेंट में काम करता था। अतुल के भाई गौरव ने बताया कि उसके भाई की 7 मार्च 2018 को शादी हुई थी उसकी भाभी भी एक्सीस बैंक में नौकरी करती थी। बीते कल युवक का शव लटका देख पुलिस को सूचित किया गया। साय लगभग 5 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अंबाला छावनी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया और वहीं यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस ने आत्म हत्या के मामले में पत्नी व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उसका अपनी पत्नी से लंबे समय से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी से परेशान होकर उसने चुनी से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी और उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में भी उसने अपनी पत्नी और ससुर को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। युवक की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

## डाक विभाग ने राखी के लिए चलाए वॉटरप्रूफ लिफाफे

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) भाई-बहन के** अटूट बंधन का त्यौहार राखी आने वाला है जिसे लेकर जहां एक तरफ बाजार भी सजने शुरू हो चुके है। बाजारों में दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियां आकर्षण का मुख्य कारण बनी हुई हैं। लोग भी जमकर राखियां खरीदी जा रही है। भाई-बहन के अटूट बंधन के त्यौहार रक्षाबंधन इस बार 30 अगस्त को मनाया जा रहा है जिससे पहले कहीं बहने अपने भाई को राखी डाक के माध्यम से भी भेजती है वही बहनों के इस प्यार को भाई तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए डाक विभाग द्वारा स्पेशल वॉटरप्रूफ लिफाफे चलाए गए हैं।

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) विवाहिता** के साथ दुरव्यवहार करने के मामले में पुलिस ने ससुराल पक्ष के पति, जेठ व जेठानी पर संघीन आरोप लगाए हैं। जिसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनमोहन नगर निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी इसी वर्ष 2 फरवरी को गांव खराबगढ़ए जिला पटियाला निवासी छम्मी के साथ शादी हुई थी। महिला ने पति पर जबरन शारिरिक संबंध बनाने के आरोपी लगाए। महिला ने अपनी जेठानी को भी अपनी आप बीती सुनाई। इसी दौरान जब वह अपने मायके आई तो उसका पति और जेठ दुबई चले गए।

## 'पांच स्कूलों को शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने के लिये डिप्टी सीएम का जताया आभार'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**

**जजपा प्रेस** प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजेपी और जेजेपी गठबंधन सरकार ने देश पर शहीद जवना को श्रद्धांली देने का काम किया ! नौल्था ने बताया रेंजागला पोस्ट युद्ध ,1971 एवं 1962 की लड़ाई और कारगिल युद्ध में जो भूमिका राज्य के सैंकड़ो सैनिकों ने निभाई देश का नाम रौशन किया हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है !जेजेपी जिलाध्यक्ष और जजपा कार्यकताओं ने इसे सरकार का सराहनीय कदम बताते जिले पाँच स्कूलों के नाम शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने के प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। जयदेव नौल्था ने विस्तृत जानकारी सांझा करते हुए बताया कि इसराना ब्लॉक के गॉव अहर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का नाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद बारु सिंह के नाम पर रखा गया है। इसी प्रकार इसराना ब्लॉक के ही गाँव पुठर के सरकारी स्कूल का नाम शहीद विजय सिंह के नाम पर और पानीपत जिले मतलौड़ा ब्लॉक के गाँव कालखा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद तारा चन्द के नाम पर रखा गया है। वंही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अटावला का नाम दरिया सिंह के नाम पर रखा गया ! पानीपत शहर के राजकीय प्राथमिक स्कूल का नाम शहीद रविकान्त के नाम पर किया गया है। जयदेव नौल्था ने कहा कि दुष्यंत चौटाला सरकार में उपमुख्यमंत्री के नाते प्रदेश की जनता के प्रति अपने दायित्व को बखुबी निभा रहे है। दुष्यंत चौटाला का प्रयास रहता है कि समाज मे हर वर्ग को उचित मान सम्मान मिले। इन स्कूलों का नाम करण स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम पर करने से समाज के युवाओं को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम की नई प्रेरणा मिलेगी।

## पंजाबी समुदाय ने मनाई शहीद मदन लाल धींगड़ा की पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहीद** मदन लाल धींगड़ा की पुण्यतिथि पर दिल्ली रोड़ स्थित सामुदायिक केंद्र पर पंजाबी समुदाय ने एकजुट होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बलिदान दिवस पर देशप्रेम की भावना जीवंत रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी बिरादरी एकता मंच, पंजाबी गौरव संघ व रोटरी क्लब आर्डेंट के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मंच संचालन सतीश विज ने किया।
पंजाबी गौरव संघ के प्रधान पवन तनेजा ने कहा कि महान क्रान्तिकारी अमर शहीद मदन लाल धींगड़ा ने अपना जीवन स्वतन्त्रता संग्राम की वेदी पर बलिदान कर दिया। स्वतन्त्रा संग्राम की चिंगारी को आंदोलन में बदलने का श्रेय मदन लाल धींगड़ा को जाता है । पंजाबी बिरादरी एकता मंच के प्रधान मोहन टुटेजा ने कहा कि मदन लाल धींगड़ा के परिवार में राष्ट्रभक्ति कोई ऐसी परम्परा नहीं थी किन्तु वह खुद से ही देशभक्ति के रंग में रंगे गए थे। वे इंग्लैंड में अध्ययन कर रहे थे जहाँ उन्होनें विलियम हट कर्जं आयली नामक एक ब्रिटिश अधिकारी को गोली मार कर हत्या कर दी ।
रोटरी क्लब आर्डेंट के प्रधान नवीन चुघ ने कहा कि मदन लाल धींगड़ा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में देश के लिए खुद को न्योछावर कर दिया। वे भारतीय स्वतन्त्रा संग्राम के अप्रतिम क्रान्तिकारी थे। इस मौके पर पार्षद सुरेन्द्र मदान, पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, तिलक राज सेतिया, महेश सरदाना, मदन लाल टुटेजा, सुशील स्याल, सतीश विरमानी, मलिक राज ऑबराय, पवन बत्रा, अशोक डेम्बला, गुलजार बक्शी, संजय अरोड़ा, के एल तनेजा, अशोक सरदाना, अशोक कपूर, डाक्टर ओम सहित गणमान्य मौजूद रहे।



## पीआरपीसी ने राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में राष्ट्र प्रेम की भावना को बढ़ावा देते हुए 77 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम.एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।
इस अवसर पर पीआरपीसी के सभी मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, उप-कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन व कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि , सरपंच, पूर्व सरपंचों के अलावा बड़ी संख्या में इंडियन ऑयल परिवार के सदस्य व बच्चे भी उपस्थित रहे । इसके बाद डहरिया द्वारा परेड का निरीक्षण किया । डहरिया ने सभी को 77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और नायकों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्मरण करने एवं उन्हें नमन करने का अवसर प्रदान करता है।



**अग्रवाल कैटरर्स दिल्ली के चार्ट पकोड़ी के साथ-साथ महिलाओं के पारंपरिक गीतों पर नृत्यों के साथ मनाया जाएगा तीज का त्यौहार**

## श्री अग्रसेन धाम कुंडली में तीज महोत्सव मेला की तैयारियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया/कुंडली**

**श्री अग्रसेन** धाम कुंडली के पवित्र प्रांगण में शनिवार 19 अगस्त को विराट रूप से तीज महोत्सव मेंले का आयोजन किया जा रहा है । मेला संयोजिका संतोष गोयल एवं मेला प्रभारी मीतू बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे हिंदू सनातन धर्म में हर त्यौहार की बहुत ही महत्वता है जिसमें सावन की बहार के साथ तीज पर्व का अपना ही एक अलग महत्व है जिसे महिलाएं पूर्ण पारंपरिक तरीके से नाच गाकर, झूम कर भगवान श्री राधा कृष्ण को नमन करते हुए मनाती हैं । इसी बेहद अवसर को संजोकर हमारे महिला मंडल कुंडली ने श्री अग्रसेन धाम के पवित्र प्रांगण में तीज महोत्सव मेले का आयोजन किया है जिसमें हम सभी भगवान श्री राधा कृष्ण जी को अरदास लगाकर संकट मोचन श्री बालाजी हनुमान जी के हनुमान चालीसा पाठ के साथ इस पवित्र आयोजन का शुभारंभ करेंगे । इस पवित्र आयोजन में महिलाओं के मनोरंजन के लिए डांस कॉम्पिटिशन ,मेहंदी कंपटीशन, सास बहू की बेहतर जोड़ी पुरस्कार, सौभाग्यशाली ड्रॉ पुरस्कार, बच्चों के पुरस्कार आदि बहुत से पारंपरिक अदाओं के साथ उत्सव का आनंद होगा । उन्होंने बताया कि इस पवित्र आयोजन में बहुत सी महिलाएं बहने शामिल होंगी जिन्हें मुख्य अतिथि ,सम्मानित अतिथि एवं उनका परम सानिध्य प्राप्त होने के उपलक्ष में उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा । इस क्षेत्र के परिवारों में इस मेले को लेकर काफी उत्साह है और सभी इसमें अपार खुशी के साथ शामिल हो रहे हैं । श्री अग्रसेन धाम के माननीय ट्रस्टी परिवार भी अधिकांश रूप से इस मेले की मनमोहक झलक देखने के लिए पधार रहे हैं।
मेले में मुख्य सानिध्य के रूप में सोनीपत पश्चिम की डीपी मान्य अंशु सिंगला को संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं मेला संयोजिका सोनिया अग्रवाल विशेष रूप से आमंत्रित करते हुए ।

**सनातन धर्म**

▶▶ प्रभारी मीतू बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे हिंदू सनातन धर्म में हर त्यौहार की बहुत ही महत्वता है



# खाद्य उत्पाद बेचने वालों के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस/पंजीकरण की अनिवार्य: डीसी विक्रम सिंह

जागरूक

▶▶ग्राम विकास एवं अनुसंधान सोसाइटी लाइसेंस बनवाने व पंजीकरण कराने हेतु करेगी जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य उत्पाद बेचने व बनाने के लिए सरकार ने लंबे समय से एफएसएसएआई लाइसेंस / पंजीकरण अनिवार्य किया हुआ है। जागरूकता की कमी के कारण बहुत से खाद्य व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को इसकी जानकरी न होने के कारण वे बिना कागजात पूरे किए ही खाद्य पदार्थ बना रहे हैं और बाजार में उसकी बिक्री भी कररहे हैं। उपायुक्त ने आगे बताया कि बिना एफएसएसएआई लाइसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बनाने व बेचने पर जुमार्ना या सजा का प्रावधान है। इसी श्रृंखला में प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फूड एंड ड्रग प्रशासन विभाग द्वारा अनुमति प्राप्त ग्राम विकास एवं अनुसंधान सोसाइटी जिला फरीदाबाद में खाद्य व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को जागरूकता कैम्प लगाकर जागरूक करने का कार्य करेगी। ग्राम विकास एवं अनुसंधान सोसाइटी द्वारा अब तक जिला सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र तथा करनाल में खाद्य व्यापारियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इस सोसाइटी के सदस्य दुकान-दुकान जाकर भी व्यापारियों को लाइसेंस, पंजीकरण, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र व स्वच्छता और शुद्धता के बारे जागरूक करेगी। जिला फरीदाबाद में किराना एसोसिएशन, डेयरी एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, रेडी एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन, सब्जी व फ्रूट एसोसिएशन जैसी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके सभी के कागजात पूरे करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाएगा ताकि खाद्य उत्पादकों को लेकर लोगों में किसी प्रकार का भ्रम ना रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लाइसेंस/पंजीकरण की अनिवार्यता के लिए दिए सख्त निर्देशजिला फरीदाबाद के फूड एंड ड्रग प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर सचिन शर्मा ने बताया कि खाद्य उत्पाद बनाने व बेचने के लिए हर प्रतिष्ठान को लाइसेंस, पंजीकरण, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बहुत जरूरी है तथा इसके साथ साथ गुणवत्ता, शुद्धता व स्वच्छता का भी ध्यान रखना होगा ताकि दुकानदारों को किसी प्रकार की कानूनी अड़चन न आये और खाद्य पदार्थ खरीदने वालों को पारदर्शिता के साथ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में तीज मेले का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में 17 अगस्त 2023 को प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के निर्देशन में तीज मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में बडखल विधानसभा की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा रहीं जिनका कॉलेज पहुंचने पर एन.सी.सी. तथा एन.एस.एस. के छात्रों ने परेड करके विधायिका जी का स्वागत किया` प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर ने महाविद्यालय प्रांगण में पहली बार तीज मेले का आयोजन करवाया और कहा कि तीज त्योहार हमारी संस्कैति और संस्कारों का प्रतीक है तीज से ही हमारे सभी त्योहारों की शुरूआत होती है इस तरह के आयोजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों में सांस्कैतिक धरोहर और परम्पराओं को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित करते हैं इस समारोह में एन.सी.आर. इन्फोटेनमेंट एसोसिएशन की तरफ से राखियों, ज्वैलरी तथा कपडों के स्टाल लगाए गए महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भी मेहंदी का स्टाल लगाया गया महाविद्यालय में झूला भी लगाया गया था जिसका लुत्फ विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा ने प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर तथा स्टाफ सदस्यों के साथ उठाया` इस तीज मेले का संयोजक महिला सैल की प्रभारी श्रीमती चारू मिड्डा रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### शहरों की नहीं गांवों की महिलाओं की भी चिंता करता है हरियाणा महिला आयोग: रेनू भाटिया

**हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने गांव पियाला में महिलाओं के लिए आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप की करी अध्यक्षता**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रेनू भाटिया ने कहा कि शहरों की नहीं गावों की महिलाओं की भी चिंता हरियाणा महिला आयोग करता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निपटान किया जा रहा है। हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया आज वीरवार को गांव प्याला में महिलाओं के हेल्थ चेकअप कैंप की अध्यक्षता कर रही थी। रेनू भाटिया ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपनी धर्म के बेटी बहुओं की गर्भवती होने पर अपने बच्चों से भी ज्यादा प्यार दें। उन्होंने कहा कि उनके खाने पीने व रहने की सारी व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखें। घर की बहू सास की धर्म की बेटी होती है। महिला आयोग द्वारा महिलाओं के हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन गांव प्याला के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जहां यह हेल्थ चेकअप कैंप मारेंगो एशिया अस्पताल/ टंशेल्लॅङ्ग अङ्क ल्ङ्गरस्र३' (दफ्रङ्ग) के चिकित्सकों द्वारा आयोजित किया गया। महिला विशेषज्ञ डाक्टर महिमा ने कैम्प में उपस्थित महिलाओं को गर्भवती महिलाओं के खाने पीने, स्वच्छ रहने और खुराक सम्बन्धित मिनरल की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### खेल के क्षेत्र में पूरे देश में फरीदाबाद का नाम रोशन कर रहा है पाली गांव, धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** फरीदाबाद के पाली गांव ने स्वतंत्रता दिवस पर एक अलग इतिहास रचा । गांव के स्टेडियम में लगे मेले में लगभग 25000 लोग कबड्डी वालीबाल जैसे खेल देखने पहुंचे । वर्षों पहले इतने दर्शक सिर्फ राजा नाहर सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचे थे । मुख्य अतिथि के रूप में स्टेडियम में पहुंचे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा सरकार जब भी इस स्टेडियम का नवनिर्माण करेगी तो वह अपनी तरफ से ?1100000 का अनुदान देंगे ।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि पाली गांव फरीदाबाद का स्पोर्ट हब बन रहा है क्योंकि गांव के तमाम खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल खेलकर पदक जीतकर ला रहे हैं और गांव का नाम फरीदाबाद हरियाणा सहित पूरे देश में रोशन कर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को हरियाणा सहित कई राज्यों की कबड्डी की 63 टीमों का खेल मैदान में हुआ । फाइनल मैच पाली और प्रेशर जॉन की टीम के बीच हुआ और मुकाबला बराबरी पर छूटा जिसके बाद टास के माध्यम से पाली गांव को विजेता घोषित किया गया । विजेता टीम को 1 लाख 11000 रुपए का इनाम दिया गया और उपविजेता टीम को 71000 रुपए के इनाम से सम्मानित किया गया ।

धर्मवीर ने बताया कि इस ऐतिहासिक खेल मेले में पहुंचे सभी अतिथियों का सरपंच गजराज सिंह और खड़क सिंह और रघुनाथ मेंबर ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया । उन्होंने बताया कि जिला पार्षद हरेंद्र भड़ाना ने मंच का संचालन बहुत अच्छी तरह से किया । रात्रि 12:00 बजे कबड्डी का फाइनल मुकाबला खेला गया । उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने खेल मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा बखूबी से निभाया ।

उन्होंने कहा कि पाली गांव को आदर्श गांव बनाया जाएगा और गांव वालों को हर तरह की वह सुविधा दी जाएगी जो जो सुविधा शहर वालों को मिलती है । इस मौके पर उनके साथ वार्ड नंबर 9 के भावी पार्षद मैहर चंद्र हरसाना, गुड़गांव से आए हुए युवा नेता बलराज भढ़ाना ने अहम भूमिका निभाई , इनके साथ सरपंच रघुवर सरपंच, दिल्ली के पूर्व डिप्टी मेयर सुभाष भड़ाना,अन्ना भड़ाना ,जगत भड़ाना, मलखान भड़ाना, अनूप भड़ाना, कैप्टन तेज सिंह, खड़क सिंह भडाना, गजराज सिंह ,पप्पू सरपंच, रणधीर भड़ाना, रतन भड़ाना, टुंडा भड़ाना, गिर्राज भड़ाना, कृष्ण भड़ाना, आजाद भड़ाना पप्पी, कविराज भड़ाना, श्यामवीर भड़ाना ,विनोद भडाना सहित गांव के सभी नौजवान सभी पंच एवं सरपंचों ने अहम भूमिका निभाई आम आदमी पार्टी नेता धर्मवीर भड़ाना ने ह्रदय से सभी का आभार जताया स्टेडियम प्रांगण में कई गांव के हजारों लोग मौजूद रहे ।

## कॉलेज प्रशासन की मनमानी के कारण सैंकड़ो छात्र-छात्रा हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। आज एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकताओं और दाखिले से वंचित रहे छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के गेट पर नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में किया गया। एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि आज स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिला लेने के लिए ओपन कॉउंसलिंग थी लेकिन छात्र जब कॉलेज में दाखिला कमेटी से मिले तो किसी कमेटी ने छात्रों को कहा कि लिस्ट नही आई है तो किसी कमेटी ने कहा कि आज नही होगा कल होगा।

# डीसी विक्रम सिंह ने स्वच्छता अभियान की समीक्षा

जानकारी

▶▶सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बैठक में बिन्दुवार विभागों के स्वच्छता सम्बन्धी क्रियान्वयन की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सरकारी बिल्डिंगो और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की नवीनतम जानकारी रखें और स्कूल और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान को आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड जरूर करें। डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की समीक्षा कर रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वच्छता अभियान के तहत जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करना सुनिश्चित करें।

सरकार का स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्यः डीसी

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2अक?टूबर, 2014 को शुरू किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को खुले में शौच से मुक्त करना तथा देश में 2041 सांविधिक कस्बों और शहरों में नगरीय ठोस अपशिष्ट का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

खुले में मल त?याग की प्रथा को जड़ मूल से समाप्त करना।

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 में पहले खण्ड स्तरीय कमेटी तत्पश्चात जिला स्तरीय कमेटी ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर रिर्पोट विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा सरकार को भेजेगी।

जिसके उपरान्त पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में से सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों का चयन कर जल विभाग द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार को विभाग द्वारा भेजा जाएगा। जहां राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 02 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई है तीन कैटेगरीः-

सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बताया कि ग्राम पंचायतों को तीन कैटेगरी में 0 से 2000, 2000 से 5000 एवं 5000 से अधिक की जनसंख्या की कैटेगरी में अलग- अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने समीक्षा बैठक में बिन्दुवार विभागों के क्रियान्वयन की जानकारी विस्तार पूर्वक दी।

# क्षत्रिय युवाओं पर हुए कैथल में लाठीचार्ज पर पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** कैथल में सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की प्रतिमा पट्टिका पर गुर्जर शब्द लिखने के उपरांत उत्पन्न आक्रोश को लेकर शांतिपूर्वक विरोध कर रहे क्षत्रिय समाज के युवाओं पर पिछले दिनों लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर अब तक कोई करवाई ना होने को लेकर वीरवार सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जननायक जनता पार्टी के राजपूत समाज के पदाधिकारियों और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुख्य राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश रावत, नारायण सिंह शेखावत, बीरेन्द्र गौड़ के साथ जन नायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी ,अनिल भाटी प्रदेश सचिव युवा इकाई, राजेश रावत एडवोकेट जिला महासचिव , देवेन्द्र सिंह बक्शी ने भाग लिया।

## जान को खतरा देखते हुए बिट्टू बजरंगी को भेजा फरीदाबाद की नीमका जेल

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

नूंह हिंसा में पुलिस के रडार पर रहे बिट्टू बजरंगी की गिरफ्तारी के बाद एक दिन का रिमांड खत्म होने पर उसे फरीदाबाद जिला की नीमका जेल भेज दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि नूंह जिला जेल में उसकी जान को खतरा बताया गया।

पुलिस गुरुवार दोपहर को उसे अदालत में पेशी के लिए लेकर पहुंची। पुलिस ने अतिरिक्त जिला सेशन जज अंजलि जैन की अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से उसका रिमांड दोबारा से नहीं मांगा। यह जानकारी दी कि उसके बताए ठिकाने से 8 तलवारें बरामद हुई हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कोस्मोपोलिटन द्वारा रक्तदान ,नेत्र जाँच और दंत चिकित्सा शिविर का हुआ सफल आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कोस्मोपोलिटन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन पृथला हाईवे फोमपैक इंडिया प्रा0. लि0.में किया गया। इस कैंप में नेत्र जाँच शिविर और दंत चिकित्सा से सम्बंधित डॉ मौजूद रहे। कैंप में पृथला इंडस्ट्रीज के कई कंपनी के कर्मचारियों ने इस कैंप का लाभ उठाया। ज्यादा जानकारी देते हुए क्लब की प्रधान रोटेरियन चेतना कुकरेजा ने बताया की आज कपंनी में शिविर लगाया गया है कैंप में करीब 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है । इसके आलावा दंत चिकित्सा जाँच में 118 लोगो ने दांतों की जांच करवाई और नेत्र जाँच शिविर में करीब 130 लोगो ने नेत्र से सम्बंधित जाँच कर लाभ उठाया। आज के इस कैंप को सफल बनाने में मुख्य रूप से रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कोस्मोपोलिटन की पूरी टीम में उपस्थित रहे ,सचिव नवनीत गुम्बर,कोषाध्यक्ष संजय चन्दा,प्रोजेक्ट चेयरमेन अजय जुनेजा,उपप्रधान राहुल सलूजा व संयुक्त सचिव ज्योति जुनेजा सहित सभी रोटेरियन का आपार सहयोग रहा है कंपनी के डायरेक्टर और जोन 19 के असिस्टेंट गवर्ननर राजेश कुकरेजा और उनकी टीम के नेतृत्व में रक्तदान शिविर, नेत्र जाँच शिविर और दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया ।

प्रधान रोटेरियन चेतना कुकरेजा ने कहा कि रक्त दान एक दैविक कार्य है एवं इसके माध्यम से हम किसी भी जानकार या अनजान व्यक्ती की जान बचाने में मदद कर सकते हैं । यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि रक्तदान करने से हमारे आन्तरिक अंग ज्यादा क्रियाशील हो जाते है, जिससे हमारा स्वास्थ्य और भी अच्छा हो जाता है।

यदि आप स्वयं को स्वस्थ महसूस करते हो तो रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में सहभागी बने व अपने संस्थान या पहचान के दूसरे साथियों को भी इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित करे।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विविद्यालय में शुरू हुआ ओरियेंटेशन




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि सपने देखें, उन्हें लिख कर अपनी जेब में रखें और सपने साकार करने के लिए संकल्प को दृढ़ करें। अपने लक्ष्यों के आड़े आने वाली कठिनाइयों को पहचानें और उन्हें दूर करने के लिए काम करें। वह बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के दुधौला परिसर में आयोजित ओरियंटेशन में नए दाखिल हुए विद्यार्थियों को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमारा चयन दिशा के संकल्पों को तय करता है। जिन विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षा और भविष्य के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का चयन किया है, उनके लिए करियर बनाने को पूरा आकाश पड़ा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ उसको जीवन में क्रियान्वित करना और अन्वेषण के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना ही मौलिक उद्देश्य है। इसीलिए विश्वविद्यालय ने अपने प्रोग्राम बनाने के लिए उद्योगों का सहारा लिया है। हम कार्यस्थल के अनुभव को शिक्षा के साथ जोड़ने की अवधारणा पर काम करते हैं। इसके माध्यम से शिक्षा के महत्व और अन्वेषण के नए आयाम को आसानी से समझा जा सकता है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को उद्यम के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से देश और दुनिया के सफलतम उद्यमियों के उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि कुछ नया सोचें और उसे हासिल करने के लिए मेहनत करें। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने नए विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने में सभी विद्यार्थी अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। ताकि भविष्य में आने वाले विद्यार्थी आपके आचरण पर गर्व करें और आपको श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का हिस्सा होने पर गर्व हो।

# सरकार की तरफ से गरीब परिवारों के चिन्हित बच्चों की पढ़ाई लिखाई सहित हर जरूरत पूरी की जाएगी : एडीसी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित गरीब परिवारों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनकी पढ़ाई लिखाई सहित हर जरूरत सरकार द्वारा पूरी की जाएगी। स्लम बस्तियों के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा आज वीरवार को दूसरा कैम्प एसी नगर में लगाया गया है। जहां एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला में चिन्हित किए गए गरीब बच्चों को सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। एडीसी आनन्द शर्मा जिला प्रशासन द्वारा एसी नगर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्प का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि इन कैंपों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला फरीदाबाद में लगभग 1637 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जा रहे हैं और कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जा रहा है। इन सभी 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का पूरा ब्यौरा भरा जा रहा है और 0 से 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में डेली बैसिज पर चैकिंग करके रिपोर्ट बनाई जाएगी और 6 से 18 वर्ष तक आयु के बच्चों को स्कूल जाने सहित बच्चों की आवश्यकता के अनुसार स्कूलिगं की व्यवस्था की जा रही है । बता दें कि यह कैंप, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ, शिक्षा, एमसीएफ, एनआईसी सहित तमाम विभागों के द्वारा मौके पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर इन कैंपों में आ रहे बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्चूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जा रही है। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। सीडब्ल्यूसी कमेटी की सिफारिश पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

सन्तोष नगर में गत दिवस आयोजित कैंप में सीडब्ल्यूसी कमेटी की सिफारिश पर 103 बच्चों को पंजीकृत करके उनका हेल्थ चेकअप किया गया और 19 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र,21 बच्चों के परिवार पहचान पत्र,67 बच्चों के आधार कार्ड मौके पर ही बनाए गए।

कैम्प में ये जरूरी सुविधाएं दी जा रही है फ्री मेंः-

जिला प्रशासन की तरफ से डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिव्यांग जनों एवं निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसी परिस्थितियों में रहकर ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ऐसे बच्चों के लिए आधार कार्ड,परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निवास स्थान बनाने और स्वास्थ्य जांच के लिए कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है।

कैम्प यहाँ आयोजित हो रहे हैंः-

कैम्पों का आयोजन आज एसी नगर स्थित वैष्णव कॉन्वेंट स्कूल में तथा 18 अगस्त को इंदिरा नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित किया जाएगा।

**ये अधिकारी रहे मौजूदः-**

सीडब्ल्यूसी के जिला चेयरपर्सन श्रीपाल कहराना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा, अपर्णा सिंह, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, एमसीएफ सहित तमाम विभागों के अधिकारी और एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# उत्तराखंड : इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियां तेज

## उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**धामी** सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर राज्य में विकास और रोजगार को धार देगी। आगामी दिसंबर माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक बैठक में इसकी रूप रेखा पर चर्चा की गई। इस बार सरकार राज्य में ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लिया गया है। सुभाष रोड स्थित एक होटल में आज ग्लोबल सलाहकार समूह की बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यमंत्री के साथ उनके मंत्रिमंडल के सदस्य शासन के आला अधिकारी समेत राज्य के उद्योगपति भी शामिल हुए। उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से



बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित है। इस बार राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2018 में हुई इन्वेस्टर्स समिट से दोगुना निवेश पाने का है। इस समिट में ढाई लाख करोड़ के एमओयू के साथ-साथ हाईड्रो, ट्यूरिज्म, एजुकेशन,सोलर जैसे क्षेत्रों में निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड में बाहरी राज्यों और देश-विदेश से निवेश लाने के लिए रोड शो सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए शांत वातावरण। सरकार बेहतर काम और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। देश के विभिन्न शहरों में इन्वेस्टर्स सम्मिट के तहत रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

## चौथे दिन बदरीनाथ हाइवे हुआ सुचारु

**आपदा प्रभावित**

**गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही**

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

**उत्तराखंड** बदरीनाथ हाइवे को गुरुवार चौथे दिन सुचारु कर दिया गया है। पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में वॉश आउट हाइवे को सभी प्रकार के वाहनों के लिए सुचारु कर दिया गया है। हालांकि गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही है। पीपलकोटी में आपदाग्रस्त परिवारों के भोजन के लिए प्रशासन की ओर से नि:शुल्क कैंटीन की व्यवस्था भी की गई है। जिला आपदा परिचालन केंद्र और जिला सूचना कार्यालय के अनुसार बदरीनाथ हाइवे जो पिछले चार दिनों से पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में सौ मीटर के लगभग वॉश आउट होने से बाधित हो गया था, उसे आज सुचारु कर दिया गया है। साथ ग्रामीण क्षेत्रों की 48 लिंक मोटर मार्ग को खोलने के लिए भी संबंधित विभागों की ओर से कार्य किया जा रहा है। आपदा प्रभावित क्षेत्र कौंज पोथनी के खंडरा, काणा, बैनीधार, मवल्ठा के प्रभावितों को राहत सामग्री भी भेजी गई है, जिसका वितरण किया जा रहा है। आपदा प्रभावित गांव किरूली, कौंजपोथनी, गरुड़ गंगा, पाखी, बिरही, थराली पैनगढ़ एवं पीपलकोटी बंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में राशन किट वितरण किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम प्रभावित गांवों में जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर रही है। आज चिकित्सा टीमों ने दूरस्थ गांव किरूली, कौंज पोथनी और बिरही के आसपास प्रभावित गांवों का भ्रमण ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। थराली पैनगढ़ मार्ग पर प्राणमति में पैदल चलने के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया गया है। एसडीएम और तहसीलदार की देखरेख में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिलीफ फोर्स के जवान गाड-गदेरों पर वैकल्पिक मार्ग, अस्थायी पुलिया बनाने में जुटे है। तहसील प्रशासन के माध्यम से प्रभावित लोगों को अहैतुक सहायता धनराशि के चेक भी वितरित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पीपलकोटी बंड क्षेत्र में मजदूर लगाकर प्रभावित लोगों के घरों से मलबा साफ करवाया जा रहा है।

## फास्ट न्यूज

### 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट करना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**

जनपद में संचालित सभी 96 आधार पंजीकरण केंद्रों, ग्राम पंचायतों और वार्डों में संचालित 720 जन सेवा केंद्रों के माध्यम से शिविर लगाकर 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट किया जायेगा। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

श्री द्विवेदी ने जनपद के आम जनमानस से अपील की है कि जिन लोगों के आधार कार्ड को 10 वर्ष हो गए हैं, वे अपना आधार कार्ड को अपने निकटतम जन सेवा केंद्र में जाकर अथवा पास के आधार पंजीकरण केंद्र में अपडेट करवा सकते हैं। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर विकास शर्मा ने बताया कि इन केंद्रों के साथ ही आम जन घर से भी माई आधार डॉट यूआईडीएआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए 25 रुपये ऑनलाइन फीस देनी होगी, जबकि आधार पंजीकरण केंद्र अथवा जन सेवा केन्द्रों में आधार अपडेट करवाने को 50 रुपये फीस भारत सरकार से निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड बनवाते वक्त जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था, 10 साल पूर्ण होने के उपरान्त कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों को अपडेट कराना जरूरी है।

### झमाझम बारिश से चहुंओर जलभराव

**वाराणसी:** काशीपुराधिपति की नगरी में गुरुवार अपरान्ह में हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण जाम में चहुंओर जलभराव से जूझना पड़ा। नगर के कमच्छा गुरूबाग तिराहा, गोदौलिया नई सड़क मार्ग, मलदहिया तेलियाबाग रोड, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तेलियाबाग रोड, चौकाघाट रेलवे पुल के नीचे, अंधरापुल, सिगरा रथयात्रा मार्ग, सिगरा थाने के समीप सहित शहर के निचले हिस्सों में जलभराव से लगे जाम में वाहनों की कतारें लगी रही। दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार जाम और जलभराव के बीच बारिश से जूझते रहे। झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। उमस और गर्मी से राहत दिलाने वाली बारिश से ग्रामीण अंचल में किसानों में खुशी देखी गई। सूख रहे खरीफ की फसल के लिए बारिश संजीवनी सरीखी बताई गई। गौरतलब हो कि वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में पिछले एक सप्ताह से लोग उमस धूप भरी गर्मी से बेहाल थे। आसमान में बादल उमड़-घुमड़ रहे थे, लेकिन बारिश न होने के कारण उमस बढ़ गई थी। आज दोपहर तीन बजे अचानक मौसम बदला और देखते ही देखते आसमान में बादल छा गये। बिजली की चमक के बीच बादल झमाझम बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। स्कूलों से छुट्टी के बाद घर के लिए निकले बच्चे बारिश में भींगते और जमकर मस्ती करते दिखे।

### 'राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त'

**अजमेर:** भाजपा राजस्थान के आह्वान पर भाजपा शहर जिला अजमेर के निर्देशानुसार महिला मोर्चा अजमेर इकाई ने जिला कलेक्ट्रेट पर मानव श्रंखला बना कर प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध को लेकर प्रदर्शन किया गया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर पारसमल से महिलाओं ने मिलकर मुख्यमंत्री को विषय की जानकारी दी।

## सभी अस्पताल मरीजों की देखभाल करें: ब्रजेश



**निर्देश**

**मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: डिप्टी सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मरीजों को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सक बाहर की दवाएं कतई न लिखें। यह निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनेक्सी भवन में सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुख की आहूत बैठक में दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों की समस्याओं और कमियों को निदेशक-सीएमएस अपने स्तर से जिम्मेदारी लेकर दूर करें। सभी अस्पताल एक-दूसरे से समन्वय बनाए रखें। यदि कोई सामान्य कमी हो तो दूसरे अस्पताल की सहायता लेकर उसे दूर करें। जो दवाएं जिलों के ड्रग वेयर हाउस में उपलब्ध हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। रोगी कल्याण निधि की राशि मरीजों के हित में प्रयोग की जाए। हर महीने अस्पताल के प्रमुख अपने संस्थान की क्रिटिकल परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें। केयर एप में हर सोमवार उपकरणों की क्रियाशीलता का डाटा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के लिए वेंटीलेटर-आईसीयू की व्यवस्था के लिए सभी चिकित्सा संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आपातकालीन वार्ड में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। मरीजों के लिए एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाइयां, उपकरणों, पंखा-कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोपे पीपल, कदम्ब और मौलश्री के पौधे।

## छोटी टिड्डी दिखने से विभाग हरकत में

**टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर**

**जिले** की कोलायत तहसील में इस बार फाका (छोटी टिड्डी) दिखने से विभाग हरकत में आ गया। गनीमत है कि जैसलमेर की तरह ही यहां पर भी फाका ही है। इस कारण फसलों को किसी तरह का खतरा नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टिड्डी नियंत्रण केन्द्र की टीमों ने तुरंत प्रभाव से फाका को मार गिराया। किसानों के लिए राहत की बात है यह फाका उड़ नहीं सकता। इस कारण किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। टिड्डी नियंत्रण केन्द्र बीकानेर की टीमें लगातार सर्वे कर रही है।

## प्रशांत किशोर के निशाने पर सीएम नीतीश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/समस्तीपुर**

**जन** सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आपको क्या लगता है नीतीश कुमार अटल जी को श्रद्धांजलि देने गए थे? अगर श्रद्धांजलि देने ही गए थे तो पिछले साल क्यों नहीं गए थे? पिछले 8 बरस में नहीं गए, यहां तक कि जब भाजपा के साथ थे तब नहीं जाते थे। नीतीश कुमार का अपना राजनीति करने का तरीका है। एक दरवाजे को खोलते हैं और पीछे से खिड़की और रोशनदान दोनों को खोलकर रखते हैं। किसकी कब जरूरत पड़ जाए, इसके अनुसार अपना रास्ता खोले हुए हैं। समस्तीपुर शहर के पुलिस मैदान में गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए उनके लिए दरवाजा है और खिड़की राज्यसभा सदस्य हरिवंश नारायण हैं, जिनके माध्यम से उनका भाजपा के साथ संपर्क बना हुआ है। ये मैसेजिंग है जैसे हम कमरे में रोशनी आने के लिए जगह छोड़ देते हैं। ये सब तो बीजेपी और एनडीए वालों को मैसेज दे रहे हैं कि आपके जो बड़े श्रद्धेय थे उनकी हम इतनी श्रद्धा करते हैं।

## नूंह हिंसा की न्यायिक जांच से क्यों भाग रही है बीजेपी-जेजेपी: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**विधानसभा के** मानसून सत्र में कानून व्यवस्था व नूंह हिंसा और बाढ़ की वजह से हुए भारी नुकसान व सरकार के कुप्रबंधन पर चर्चा के लिए कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिए हैं। साथ ही बेरोजगारी व सीईटी पर्चे में धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई करने के बारे में, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल में नुकसान, बाढ़ का मुआवजा,



परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों व क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रॉपर्टी आईडी की धांधली, सहकारी ऋण व खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा की धांधलियों और शामलात व जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा तमाम विधायक अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दों पर सरकार से सवाल-जवाब करेंगे। बुधवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**सौंदर्यवर्धन**

### रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

## त्वरित गति से चल रहा स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/चूरु**

**उत्तर** पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। रतनगढ़ स्टेशन पर प्रथम चरण में लगभग 18 करोड़ की लागत से निम्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। रेलवे के सीनियर डीसीएम महेश कुमार जेवलिया के अनुसार स्टेशन की ओर आने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान, ड्रॉप ऑफ जोन, साइनेज इत्यादि में सुधार तथा सकुर्लेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण से



संबंधित कार्य, दो पहिया, चौपहिया एवं दिव्यांगजन के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, सौंदर्यवर्धन के लिए एलईडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्ट वर्क के साथ स्टेशन के वर्तमान भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार, बुकिंग ऑफिस, रिटायरिंग रूम में सुधार और पुराने स्टेशन भवन के फर्श को ऊंचा उठाकर सुधार तथा नए वेटिंग एरिया एवम नए आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान।

**सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा**

सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाना, 12 मीटर चौड़े पैदल पुल का निर्माण जिसमें रैंप के प्रावधान के साथ सभी प्लेटफार्म से जुड़ाव तथा पैदल पुल तक सभी प्लेटफार्म में कवरिंग का प्रावधान, स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट लगाना, यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हेतु कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोड्र्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक लगाना, सकुर्लेटिंग एरिया में 100 फीट ऊंचा स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज लगाना शामिल है।

